

भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

18 फरवरी - 24 फरवरी, 2026

jagrukjanta.net

माघ, पक्ष - शुक्ल, तिथि - प्रतिपदा, संवत 2082 पृष्ठ : 8+2 जयपुर, बुधवार वर्ष-11, अंक-51, मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-


## मन का बचपना कभी खत्म नहीं होना चाहिए

सटीक


शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net


**उम्र** का नम्बर बदलना प्रकृति का अमिट नियम है। यह चलता रहेगा। लेकिन, हम अक्सर कहते हैं कि समय के साथ बचपना चला गया। जिम्मेदारियां आ गईं, हालात बदल गए, जीवन गंभीर हो गया। पर यह आधा सच है। सच्चाई यह है कि भीतर का बच्चा कहीं जाता नहीं। वह वहीं रहता है। फर्क सिर्फ इतना है कि हम उसे रोज थोड़ा थोड़ा मारते रहते हैं। जब कोई बच्चा सवाल पूछता है और हम कहते हैं कि अभी सवाल मत करो, तब हम भीतर के बच्चे की जिज्ञासा को दबाते हैं। जब कोई हंसना चाहता है और हम कहते हैं कि यह उम्र हंसने की नहीं है, तब हम भीतर के बच्चे की सहजता को चोट पहुंचाते हैं। जब मन कुछ नया सीखना चाहता है और हम कहते हैं कि अब यह सब संभव नहीं, तब हम भीतर के बच्चे के सपनों पर पानी फेर देते हैं। धीरे धीरे यह आदत बन जाती है। हम सुरक्षित बनने के नाम पर जीवंतता छोड़ देते हैं। समझदार बनने के नाम पर कल्पना को मार देते हैं। जिम्मेदार बनने के नाम पर खेल को अपराध बना देते हैं। और फिर हैरान होते हैं कि जीवन बोझ क्यों लगने लगा। भीतर का बच्चा हमारे भीतर का वही हिस्सा है जो बिना कारण खुश हो सकता है। जो किसी उपलब्धि के बिना भी जीवन को सुंदर मान सकता है। जो गिरकर भी हंस सकता है और उठकर फिर दौड़ सकता है। जब वह हिस्सा कमजोर पड़ जाता है, तो जीवन में गंभीरता तो बढ़ती है, पर गहराई नहीं आती। चेहरे पर वजन आ जाता है, पर आंखों की चमक चली जाती है। समाज इस हत्या में हमारा पूरा साथ देता है। वह सिखाता है कि भावुक होना कमजोरी है। रोना शर्म की बात है। खेलना समय की बर्बादी है। कल्पना करना गैर जरूरी है। और धीरे धीरे हम वही बन जाते हैं जो समाज चाहता है- ठीकठाक, जिम्मेदार, थके हुए इंसान। भीतर का बच्चा मरता नहीं, क्योंकि चेतना को मारा नहीं जा सकता। पर उसे इतना दबा दिया जाता है कि उसकी आवाज सुनाई नहीं देती। वह कभी अचानक किसी पुराने गीत में, किसी बारिश की बूंद में, किसी बच्चे की हंसी में झलक जाता है। और उसी पल हमें एक अजीब-सी कसक होती है, जैसे कुछ अपना छूट गया हो।

### लखनऊ में बोले भागवत... हिंदू 3 बच्चे पैदा करें

# भारतीय मुसलमान हिंदू, घर वापसी करानी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**लखनऊ।** मोहन भागवत ने मंगलवार को लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में कई अहम मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि भारत में रहने वाले मुसलमानों की जड़ें भी इसी भूमि से जुड़ी हैं। वे यहीं के पूर्वजों की संतान हैं, इसलिए समाज को बांटने के बजाय जोड़ने की जरूरत है। उन्होंने 'घर वापसी' का जिक्र करते हुए कहा कि यह कोई तात्कालिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि सामाजिक संवाद और समझ के जरिए धीरे-धीरे होने वाला कार्य है। जनसंख्या के मुद्दे पर संघ प्रमुख ने कहा कि हिंदू समाज में घटती जन्मदर चिंता का विषय है। उनका मत था कि एक परिवार में कम से कम तीन बच्चे होने चाहिए, ताकि संतुलन बना रहे। उन्होंने युवाओं से अपील की कि विवाह के बाद परिवार विस्तार पर गंभीरता से विचार करें। संघ प्रमुख भागवत 17 और 18 फरवरी को लखनऊ प्रवास पर हैं। पहले दिन निराला नगर के सरस्वती शिशु मंदिर के सभागार में सामाजिक सद्भाव बैठक में शिरकत की।

### UGC के नियम किसी के खिलाफ नहीं

UGC से जुड़े विवाद पर उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बनाए गए नियम किसी एक वर्ग के खिलाफ नहीं होते। यदि किसी को आपत्ति है तो वह संवैधानिक तरीके से अपनी बात रख सकता है, क्योंकि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। उन्होंने कहा कि किसी भी कानून का पालन करना नागरिकों की जिम्मेदारी है।

### समाज में संवाद और सहयोग बहुत जरूरी

सामाजिक समरसता पर बोलते हुए भागवत ने उदाहरण दिया कि यदि कोई व्यक्ति गड्ढे में गिरा है तो उसे भी बाहर निकलने के लिए हाथ बढ़ाना होगा और बाहर खड़े व्यक्ति को भी उसे उठाने के लिए झुकना पड़ेगा। यानी समाज में संवाद और सहयोग दोनों ओर से होना चाहिए। उन्होंने जाति व्यवस्था पर चिंता जताते हुए कहा कि समाज को जातिगत विभाजन से ऊपर उठना होगा। वर्षों से इसे समाप्त करने के प्रयास हो रहे हैं, लेकिन यह प्रवृत्ति अभी भी बनी हुई है। इतिहास का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि मुगल और अंग्रेज शासन के लंबे दौर के बावजूद भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा मजबूत बनी रही। इसलिए आज भी समाज को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान जब उनसे मुस्लिम राष्ट्रीय मंच को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि कुछ मुस्लिम समुदाय के लोग स्वयं संघ से जुड़ना चाहते थे, उसी पहल के तहत यह मंच बना।

## फ्रांस के साथ हमारा रिश्ता इनोवेशन के साथ-साथ भरोसे का भी है-मोदी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रॉन ने मुंबई में इंडिया-फ्रांस इनोवेशन फोरम-2026 का उद्घाटन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया के दो बड़े इनोवेशन हब एक साथ आ रहे हैं। जब हम भारत और फ्रांस की बात करते हैं... तो हमारा रिश्ता इनोवेशन के साथ-साथ भरोसे का और साझा मूल्यों का भी है। उन्होंने कहा कि इसी सोच के साथ राष्ट्रपति मैक्रॉन और मैंने वर्ष 2026 को इंडिया-फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन के रूप में सेलिब्रेट करने का निर्णय किया है। ये हमारा सेलिब्रेशन ही नहीं, बल्कि साझा कमिटमेंट भी है। उन्होंने कहा कि भारत, अपनी हजारों वर्षों की यात्रा में, गणित, चिकित्सा, धातु विज्ञान और वास्तुकला जैसे अनेक क्षेत्रों में मानव कल्याण के लिए इनोवेट करता रहा है। और अब, 21वीं सदी में भी, भारत के युवा 'इनोवेशन फॉर ग्लोबल गुड' की उसी यात्रा पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। भारत के जीवंत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र से लेकर हमारी विश्व स्तरीय अनुसंधान प्रयोगशालाएं तक... एक नया 'कैन-डू' आशावाद उभर रहा है।







# 3 नहीं, अब 4 मार्च को मनेगी होली, होलिका दहन के बाद चंद्रग्रहण का साया

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

जयपुर। साल 2026 की शुरुआत के साथ ही त्योहारों को लेकर असमंजस की स्थिति बन गई है। इस बार रंगों का पर्व होली खगोलीय और ज्योतिषीय गणनाओं के फेर में फंस गया है। मार्च महीने में लगने जा रहे साल के पहले चंद्रग्रहण ने होली की तारीख को लेकर असमंजस की स्थिति पैदा कर दी है। ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री के अनुसार, ग्रहण और सूतक काल के कारण इस बार रंगोत्सव की तारीख में बदलाव हुआ है।




### साल 2026 का पहला चंद्रग्रहण

साल 2026 खगोलीय दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण रहने वाला है। इस साल कुल चार ग्रहण लगेंगे, जिनमें दो सूर्यग्रहण और दो चंद्रग्रहण शामिल हैं. फरवरी और अगस्त में होने वाले सूर्यग्रहण भारत में अदृश्य रहेंगे, लेकिन 3 मार्च 2026 यानी होलिका दहन की तिथि पर लगने वाला चंद्रग्रहण भारत में दिखाई देगा, जिसका सीधा असर होली के उल्लास पर पड़ने वाला है। यह छाया रूप में भारत में दिखेगा इसलिए खग्रास चंद्रगण लगेगा।

### खग्रास चंद्रगण क्या होता है

**वैज्ञानिक** दृष्टि से चंद्रग्रहण एक खगोलीय घटना है। जब पृथ्वी सूर्य और चंद्रमा के बीच आ जाती है और सूर्य की रोशनी चंद्रमा तक नहीं पहुंच पाती, तो उसकी छाया चंद्रमा पर पड़ती है। यह घटना केवल पूर्णिमा को ही संभव है। चंद्रग्रहण तीन प्रकार का होता है, पूर्ण, आंशिक और उपच्छाया। इस वर्ष शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि 2 मार्च 2026 (सोमवार) को पड़ रही है। इसी दिन खग्रास चंद्रग्रहण पड़ रहा है।

### भारत समेत इन देशों में दिखेगा खग्रास चंद्रगहण

**खग्रास** चंद्रग्रहण 3 मार्च को लगेगा, जिसे पूरे एशिया और ऑस्ट्रेलिया में देखा जाएगा। इसके अलावा पैसिफिक द्वीपों और उत्तरी और दक्षिणी अमेरिका में भी यह नजर आएगा। भारतीय समयानुसार, यह चंद्र ग्रहण दोपहर 03.20 बजे से लेकर शाम 06.47 बजे तक रहेगा। यह भारत में नजर आएगा।

### 3 मार्च को क्यों नहीं खेल पाएंगे होली?

**2** मार्च को होलिका दहन के अगले दिन यानी 3 मार्च को ज्योतिषीय गणना के अनुसार खग्रास चंद्रग्रहण लगेगा। वही इसी दिन के बाद रंगोत्सव भी मनाया जाता है। ऐसे में शास्त्रों के अनुसार, ग्रहण और सूतक काल के दौरान किसी भी प्रकार के मांगलिक कार्य, उत्सव या रंग खेलना वर्जित माना गया है। ऐसे में 3 मार्च के अगले दिन यानी 4 मार्च को रंगोत्सव मनाया जाएगा। ग्रहण से लगने से उसका सूतक 9 घंटे पहले लगेगा।

### समय और सूतक काल का गणित

**ज्योतिषियों** के अनुसार, 3 मार्च 2026 (फाल्गुन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा) को ग्रहण की स्थिति इस प्रकार रहेगी। ग्रहण का प्रारंभ दोपहर 3:20 बजे से लेकर शाम 6:47 बजे तक रहेगा। वही इस दौरान चंद्रोदय शाम 5:59 बजे के आसपास होगा। लेकिन ग्रहण से 9 घंटे पहले यानी सुबह 6:20 बजे से ही सूतक लग जाएगा. चूंकि चंद्रोदय से पहले ही ग्रहण शुरू हो चुका होगा, इसलिए भारत में केवल ग्रहण का 'मोक्ष' (समाप्ति काल) ही दृश्यमान होगा। चंद्रमा पूरी तरह ओझल नहीं होगा, बल्कि पृथ्वी की छाया के कारण थोड़ा धुंधला दिखाई देगा। लेकिन भारत में यह दिखेगा।

जागरूक जनता
ऑन लाइन पढ़ने के लिए स्कैन करें
ई-पेपर व अन्य खबरें देखें
jagrukjanta.net

## जागरूक खबरें

### पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत जोनस्तर पर आयोजित होंगे शिविर

**जयपुर @ जागरूक जनता।** नगर निगम द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत नये आवेदन पत्र भरवाये जाने एवं बैकों से लम्बित आवेदनों की ऋण स्वीकृत एवं वितरण करवाये जाने हेतु जोन वार षिविर आयोजित किये जायेगे। शिविर मालवीय नगर जोन में 18 से 19 फरवरी 2026 एवं 25 मार्च 2026, जगतपुरा/झालाना जोन में 20 फरवरी 2026, 23 फरवरी 2026 एवं 27 मार्च 2026, सांगानेर जोन में 24 से 25 फरवरी 2026 एवं 30 मार्च 2026, झोटवाड़ा/वैषाली नगर में 26 से 27 फरवरी 2026, मानसरोवर जोन में 04 से 5 मार्च 2026, मुरलीपुरा जोन में 06 मार्च 2026 एवं 09 मार्च 2026, विद्याधर नगर जोन में 10 से 11 मार्च 2026, आदर्श नगर जोन में 12 से 13 मार्च 2026, किषनपोल जोन में 16 से 17 मार्च 2026, सिविल लाईन जोन में 18 से 19 मार्च 2026 एवं हवामहल आमेर जोन में 23 से 24 मार्च 2026 को षिविर आयोजित किये जायेगे।

### चालान नहीं भरा तो सीधे घर आएगी ट्रैफिक पुलिस

**जयपुर @ जागरूक जनता।** ट्रैफिक पुलिस अब पेंडिंग चालान वसूलने के लिए 'डोर टू डोर' अभियान शुरू करने जा रही है। इसके तहत ऐसे 8 लाख लोग जिन्होंने पिछले एक साल में जुर्माना नहीं भरा है, ऐसे लोगों के घर पुलिस सीधे नोटिस लेकर पहुंचेगी। जयपुर कमिश्नरेट के ट्रैफिक डीसीपी सुमीत मेहरडा के मुताबिक, 1 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2026 के बीच करीब 8 लाख ऐसे वाहन चालक चिह्नित किए गए हैं जिन्होंने अपने चालान नहीं भरे हैं। पुलिस ने इनकी अलग-अलग कैटेगरी बनाई है। शुरुआत में उन 1,200 से 1,500 बड़े डिफॉल्टर्स को चुना गया है जो 'टॉप लिस्ट' में हैं। अब तक ऐसे 16 लोगों के खिलाफ BNS 2023 की धारा 125 और 281 के तहत FIR भी दर्ज की जा चुकी है। पुलिस का साफ संदेश है कि नियमों को तोड़कर आप जुर्माने से बच नहीं सकते। यदि आपको घर पर पुलिस की दस्तक से बचना है तो समय पर अपना चालान भरें। राजस्थान विधानसभा में उप-मुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री प्रेमचंद बैरवा ने सड़क सुरक्षा को लेकर सरकार की गंभीरता स्पष्ट की है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में पुलिस ने प्रदेश भर में कुल 27.61 लाख चालान काटे, जो 2024 की तुलना में 10.13 लाख अधिक हैं। इन आंकड़ों में सबसे बड़ी संख्या ओवर-स्पीडिंग (12.06 लाख) की रही, जबकि बिना हेलमेट (5.23 लाख) पर भी भारी कार्रवाई हुई।

# विधानसभा में गाय के मुद्दे पर हंगामा, सदन में लहराए कटे सिर के पोस्टर; बाहर विधायकों के बीच हाथापाई की नौबत आई

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा मंगलवार को किसी अखाड़े से कम नजर नहीं आई। गाय को राज्य माता का दर्जा देने के मुद्दे पर शुरू हुआ विवाद इस कदर बढ़ा कि न केवल सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी, बल्कि विधानसभा के गलियारों में विधायकों के बीच हाथापाई की नौबत आ गई। मर्यादाएं तार-तार हुईं और लोकतंत्र के मंदिर में जमकर हाई-वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला।



### बछड़े के कटे सिर पर घमासान

**हंगामे** की शुरुआत हुई विधायक बालमुकुंदाचार्य के उस सवाल से, जिसमें उन्होंने गाय को 'राज्य माता' का दर्जा देने की मांग की। मंत्री जोराराम कुमावत ने जैसे ही कहा कि 'ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है', विपक्ष हमलावर हो गया। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने हिंगोनिया गौशाला का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि राजधानी में बछड़े का कटा सिर लटकाया गया और सत्ता पक्ष का एक विधायक आरोपी को बचा रहा है। देखते ही देखते कांग्रेस विधायकों ने सदन में गाय के कटे सिर के पोस्टर लहराने शुरू कर दिए।

### गोपाल शर्मा का 'इस्तीफा' चैलेंज और स्पीकर की सख्ती

**आरोपों** की सुई जैसे ही सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा की तरफ घूमी, वे आगबबूला हो गए। शर्मा ने सदन में कहा, 'अगर इसमें मेरा कोई आदमी शामिल निकला तो मैं विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दूंगा।' हंगामा इतना बढ़ा कि स्पीकर वासुदेव देवनानी ने इसे प्री-प्लान्ड साजिश करार दिया। उन्होंने मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग को गोपाल शर्मा को बैठाने का निर्देश दिया, लेकिन शोर-शराबा नहीं थमा और सदन को 12 बजे तक स्थगित कर दिया गया।

### स्थगन के बाद 'दंगल'- डोटासरा और चांदना से भिड़ंत

**असली** सनसनी तो सदन स्थगित होने के बाद फैली। गोपाल शर्मा सदन की मर्यादा भूलकर सीधे विपक्ष की बेंचों की तरफ जा पहुंचे। वहां उनकी पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा और अशोक चांदना से तीखी बहस शुरू हो गई। बात इतनी बिगड़ गई कि दोनों तरफ से हाथ चलने ही वाले थे कि तभी संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल और अन्य विधायकों ने बीच-बचाव किया। विधायक गोपाल शर्मा को जबरन पकड़कर लॉबी में ले जाया गया, तब जाकर कहीं मामला शांत हुआ।

### बीजेपी विधायक शर्मा ने माफी मांगी



**जागरूक जनता @ राजस्थान** विधानसभा में बीजेपी विधायक गोपाल शर्मा ने अपनी हरकत को लेकर माफी मांगी है। गोपाल शर्मा ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर माफी मांगी और कहा कि मैंने सदन में आवेश में आकर मर्यादा भूल बैठा, जिसका मुझे आजीवन खेद रहेगा। वहीं इस घटनाक्रम के बाद नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा, 'विधानसभा में हुआ घटनाक्रम निंदनीय है। सरकार गौ हत्या के मामलों में ढिलाई बरत रही है। भाजपा के विधायक गौ हत्या करने वालों को छुड़वा रहे हैं। उनके खिलाफ भी एक्शन लिया जाना चाहिए।'

# सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम का एयर शो जयपुर में 20-22 को

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम, जिसे "भारतीय वायुसेना के ऐम्बेसडर्स" के रूप में जाना जाता है, अपनी अद्भुत सटीकता, कौशल और बेहतरीन टीमवर्क के लिए प्रसिद्ध है। लाल-सफेद रंग के आकर्षक हॉक MK-132 जेट विमानों पर उड़ान भरने वाली यह विशिष्ट टीम रोमांचक करतबों की एक श्रृंखला का प्रदर्शन करती है। खूबसूरत लूप, रोमांचक बैरल रोल से लेकर गुरुत्वाकर्षण को चुनौती देती उलटी उड़ान और दर्शकों की पसंदीदा 'डीएनए' एरोबैटिक संरचना तक—हर प्रदर्शन पायलटों की बेजोड़ दक्षता और समन्वय का प्रमाण होता है। यह टीम जल्द ही जयपुर के आसमान में जलमहल के ऊपर 20 और 22 फरवरी को होने वाले 9 विमान प्रदर्शन में करतब दिखाएगी। टीम स्थापना वर्ष 1996 में हुई थी। यह एशिया की एकमात्र नौ-विमान एरोबैटिक टीम होने का गौरव रखती है और दुनिया की चुनिंदा एरोबैटिक टीमों में से एक है। इस असाधारण टीम ने देश विदेश में 800 से अधिक प्रदर्शन किए हैं। चीन, श्रीलंका, म्यांमार, थाईलैंड, सिंगापुर और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों में अंतरराष्ट्रीय एयर शो में भारतीय वायुसेना की पेशेवर दक्षता का प्रतिनिधित्व किया है।

# देबस्मिता बनीं फेमिना मिस इंडिया हरियाणा 2026, अब राष्ट्रीय मंच पर दिखेगा जलवा

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर/मुंबई।** मेहनत, आत्मविश्वास और बहुआयामी व्यक्तित्व की मिसाल बनीं देबस्मिता ने मुंबई में आयोजित भव्य ग्रैंड फिनाले में फेमिना मिस इंडिया हरियाणा 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ अब वे 61वें फेमिना मिस इंडिया राष्ट्रीय मंच पर हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगी। देशभर से आई प्रतिभागियों के बीच देबस्मिता ने कठिन चयन प्रक्रिया को पार करते हुए यह मुकाम हासिल किया। चयन का सफर नई दिल्ली में हुए दो दिवसीय स्क्रीनिंग राउंड से शुरू हुआ, जिसके बाद मुंबई में तीन दिन तक चले फाइनल चरण में प्रतिभागियों की सोच, व्यक्तित्व, मंच संचालन क्षमता और सामाजिक दृष्टि की गहन परीक्षा ली गई।

### राज्य सरकार अधीन स्टार्ट अप एवं निवेश मॉडलों का प्रदर्शन

# भारत मंडपम में स्थापित किया 'राजस्थान एआई पवेलियन'

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** भारत सरकार द्वारा 20 फरवरी तक, नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में इंडिया आर्टफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इम्पैक्ट समिट 2026 आयोजित किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में प्रदेश केंद्रित "राजस्थान एआई पवेलियन" स्थापित किया गया है। 'पीपल, प्लेनेट और प्रोग्रेस' थीम के इर्द गिर्द रचे गए इस सम्मेलन में वैश्विक स्तर पर एआई को विश्वसनीय, प्रभावी एवं समावेशी बनाए जाने हेतु विचार विमर्श किया गया। राजस्थान एआई पवेलियन में कुल 20 प्रदर्शनी स्टॉल लगाए गए हैं। इनमें 9 स्टॉल विभिन्न विभागीय और सरकारी पहलों को समर्पित हैं, जबकि 4 स्टॉल 'आई स्टार्ट' पंजीकृत एआई स्टार्टअप्स के लिए आरक्षित किए गए हैं। ये स्टार्टअप स्टॉल परिक्रमण आधार पर संचालित हो रहे हैं, जिससे राज्य के अधिक से अधिक नवाचार उद्यमों को भागीदारी का अवसर मिल सके। पवेलियन में 'राजकिसान' के माध्यम से एआई आधारित फसल स्वास्थ्य प्रबंधन, राजस्थान जन आधार प्लेटफॉर्म द्वारा डेटा-संचालित लक्षित प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, तथा 'स्मार्ट' (सर्विस मैनेजमेंट विद आर्टफिशियल इंटेलिजेंस एण्ड रियल टाइम सिस्टम) प्रणाली के जरिए 360-डिग्री नागरिक प्रोफाइलिंग और रीयल-टाइम योजना मॉनिटरिंग को प्रदर्शित किया गया है।

# रायड़ा प्रतिनिधियों ने की केन्द्रीय मंत्री चौहान से मुलाकात



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** होटल मेरियट में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से जयपुर सांसद मंजू शर्मा और रायड़ा अध्यक्ष पुरुषोत्तम खण्डेलवाल के नेतृत्व में प्रतिनिधियों ने मुलाकात की। इस मौके पर चौहान से बीज अधिनियम एवं पेस्टीसाइड मैनेजमेंट बिल के बारे में विचार-विमर्श किया गया व उनसे अनुरोध किया गया कि हम कृषि आदान विक्रेताओ का पक्ष सुने बिना उपरोक्त दोनों बिल संसद में पारित न किये जावे। चौहान ने इस पर चर्चा करने हेतु सहमति जताई व सांसद शर्मा को इस हेतु जिम्मेदारी दी तथा कहा कि शीघ्र ही अधिकारियों से संपर्क कर वार्ता हेतु पहल कर व्यवस्था करावे। उपरोक्त प्रतिनिधिमंडल में रायड़ा उपाध्यक्ष अभय शारदा, महासचिव प्रमोद शर्मा, रायड़ा कार्यकारिणी सदस्य विजेन्द्र जैन लालसोट व अन्य साथी उपस्थित थे। हमें आशा है कि शीघ्र ही उपरोक्त बिलों के विषय आल इंडिया एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन नई दिल्ली के माध्यम से शीघ्र ही विचार-विमर्श करने का अवसर मिलेगा।

### विधानसभा क्षेत्र महुआ की निर्माणाधीन सड़कों का कार्य आगामी 30 जून तक होगा पूरा- उप मुख्यमंत्री

**जयपुर @ जागरूक जनता।** उप मुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण मंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि प्रदेश के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन को सुगम बनाने के लिए निरंतर सड़कों के विकास कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र महुआ की निर्माणाधीन 22 सड़कों के कार्यों को आगामी 30 जून तक पूर्ण कर दिया जाएगा। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी प्रश्नकाल के दौरान सदस्य राजेन्द्र द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रही थीं। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार सड़कों पर पैच रिपेयरिंग का कार्य किया जाता है। विधानसभा क्षेत्र महुआ में वर्तमान में चार सड़कें पैचेबल स्थिति में हैं, जिनका पैच रिपेयर का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र महुआ में 68 नवीन सड़कों के कार्य स्वीकृत किए गए थे, इनमें से 30 कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा 35 कार्य प्रगतिरत हैं।

### होली, रमजान, नवरात्रि व ईद से पूर्व जयपुर जिला प्रशासन अलर्ट

# त्योहारों पर कानून व्यवस्था एवं सांप्रदायिक सौहार्द से नहीं होगा कोई समझौता - सोनी



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** आगामी त्योहारों के मद्देनजर जिले में कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा सांप्रदायिक सौहार्द एवं आपसी सद्भाव बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक स्तर पर समन्वय एवं संवाद कायम रखते हुए किसी भी प्रकार से कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला शांति समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर ने विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने होली, रमजान, चेटीचंड, नवरात्रि, रामनवमी एवं ईद जैसे पर्वों के दौरान शांति, सौहार्द का वातावरण बनाए रखने की अपील की।

जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र के मौजीज व्यक्तियों एवं धर्मगुरुओं के साथ निरंतर संवाद स्थापित रखा जाए। सभी पुलिस थानों में नियमित रूप से सीएलजी एवं शांति समिति की बैठकें आयोजित कर संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान की जाए। संदिग्ध व्यक्तियों, स्थानों तथा भ्रामक एवं साम्प्रदायिक तनाव भड़काने वाले तत्वों पर पैनी नजर रखते हुए उनके विरुद्ध विधि अनुसार कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने विशेष रूप से सोशल मीडिया की सतत् मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये कि भ्रामक, अफवाह फैलाने वाले अथवा उत्तेजक पोस्ट करने वालों के विरुद्ध तत्काल प्रभाव से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए।

जिला कलक्टर ने पुलिस अधिकारियों को नाकाबंदी एवं गश्त व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य बाजारों, पर्यटन स्थलों, धार्मिक स्थलों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन तथा अन्य भीड़भाड़ एवं संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस जाप्ता तैनात करने तथा संभावित तनावपूर्ण क्षेत्रों को चिह्नित कर अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, पुलिस विभाग, नगर निगम, विद्युत विभाग, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, नागरिक सुरक्षा विभाग तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को त्योहारों के दौरान अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन अतिरिक्त सतर्कता एवं समन्वय के साथ करने के निर्देश दिए गए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राजीव पचार, यातायात पुलिस उपायुक्त सुमित मेहरड़ा, पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद मीणा, पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर युगांतर शर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



केन्द्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री एवं मुख्यमंत्री भारत विस्तार का किया शुभारंभ

# किसानों को उनकी भाषा में मिलेगी कृषि से जुड़ी त्वरित एवं सटीक जानकारी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** केन्द्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चैहान ने कहा कि भारत विस्तार के माध्यम से कृषि में डिजीटल क्रांति का शंखनाद हुआ है। उन्होंने कहा कि गुलाबी नगरी जयपुर से पूरे देशभर में शुरू हुए इस एआई आधारित नवाचार से किसानों को एकीकृत डिजीटल प्लेटफॉर्म पर समग्र कृषि सेवाएं प्रदान की जाएगी जिससे कृषि क्षेत्र में पारदर्शिता को बल मिलेगा एवं किसान सशक्त तथा आत्मनिर्भर बनेंगे। चैहान मंगलवार को दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान में आयोजित भारत विस्तार के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत विस्तार के माध्यम से किसानों को रियल टाइम मंडी मूल्य, भारतीय कृषि शोध संस्थान की कृषि पद्धतियां, केन्द्रीय कृषि संबंधी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी, फसल आधारित वैज्ञानिक परामर्श, मौसम पूर्वानुमान, कृषि ऋण, सरकारी योजनाओं की पात्रता, आवेदन सहित तमाम जानकारियां एक ही प्लेटफॉर्म पर आसानी से मिल पाएगी। वर्तमान में यह हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में शुरू किया गया है तथा भविष्य में यह 11 अन्य भारतीय भाषाओं में भी शुरू होगा। साथ ही, आगामी समय में इस प्लेटफॉर्म को एग्रीस्टैक से भी जोड़ा जाएगा जिसके तहत किसान अपनी फार्मर आई.डी. के माध्यम से अपने खेत से जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान तुरंत प्राप्त कर सकेंगे।




## भारत विस्तार तकनीकी प्रणाली बढ़ाएगी किसानों की खुशहाली-शर्मा

**मुख्यमंत्री** भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय कृषि मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ए.आई. के माध्यम से लागू होने वाली प्रणाली भारत विस्तार कृषि के आधुनिकीकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। यह किसानों की खुशहाली को और बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने आधार, यूपीआई और एग्रीस्टेक जैसे मजबूत डिजिटल प्लेटफॉर्म की तर्ज पर कृषि में ए.आई. पर आधारित एक राष्ट्रीय डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर भारत-विस्तार तैयार किया है। यह एक ऐसा तकनीकी बदलाव है जहां तकनीक, ज्ञान और किसान एक साथ आगे बढ़ते हैं। भारत विस्तार के माध्यम से किसानों के फोन में फसल की योजना, खेती के बेहतर तरीके, कीट से बचाव, मौसम की जानकारी, बाजार भाव, मत्स्यपालन, पशुपालन और सरकारी योजनाओं से जुड़ी जानकारी उपलब्ध होगी। इससे प्रदेश के किसानों को भी व्यापक फायदा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत विस्तार के माध्यम से किसानों को खेती से जुड़ी जानकारी और सेवाएं सीधे बातचीत के माध्यम से तुरंत उनकी भाषा में मिलेंगी। महाराष्ट्र से महाविस्तार, बिहार से बिहार कृषि, और गुजरात से अमूल जैसे सिस्टम पहले ही इससे जुड़ चुके हैं। यह एक साझा डिजिटल आधार है, जो केंद्र और राज्यों की प्रणालियों को जोड़कर किसानों तक सेवाएं सरल, एकीकृत और भरोसेमंद तरीके से पहुँचाने का माध्यम बनेगा।


## कार्यालय नगरपालिका मण्डल, पिण्डवाड़ा

जिंदगी को हाँ, नशे को ना कहे!

मानस अभियान
(Mission Against Narcotic Abuse in Society)

आमजन से अपील

- मैं मानस अभियान के अन्तर्गत शपथ लेता/लेती हूं कि मैं किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ का सेवन या उपयोग नहीं करता हूं/करती हूं साथ ही भविष्य में भी इस प्रकार के नशीले पदार्थों का सेवन या उपयोग नहीं करूंगा/करूंगी।
- मैं इस सत्य के साथ अवगत हूं कि नशीले पदार्थों की आदत के कारण वर्तमान में सभी आयु वर्ग के व्यक्ति पीड़ित हो रहे हैं इनकी आदत, आचरण एवं व्यवहार से समाज का वातावरण विकृत एवं दूषित हो रहा हैं इसलिए मैं प्रण करता हूं/करती हूं कि मैं अपने संगरिया एवं समाज को नशा मुक्त बनाने में मदद करूंगा/करूंगी।
- मैं इस अभियान के अन्तर्गत अधिक से अधिक व्यक्तियों को जोड़ने हेतु प्रेरित करूंगा/करूंगी मैं संकल्प लेता हूं/लेती हूं कि नशे की सभी प्रकार की नशीली सामग्रियों का बहिष्कार करते हुए इनका उपयोग को नकारते हुए नशे की आदत को समाप्त करने का आहवान करूंगा/करूंगी।
- इस अभियान में अपनी सक्रिय सशक्त भूमिका से एक स्वस्थ्य समाज के निर्माण में अपना योगदान एवं सहयोग प्रदान।
- अपने गली मौहल्लों को साफ सुथरा रखे।
- कचरा, कचरा पात्रों में ही डालें।
- वातावरण प्रदूषित न हो इसका ध्यान रखें।
- पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिकाधिक पौधारोपण करें एवं इन पौधों की नियमित देखभाल करें।
- नगर को स्वच्छ व साफ सुथरा रखने में नगरपालिका का सहयोग करें।
- राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठावें।

स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर

**समाराम गरासिया**
विधायक, आबू पिण्डवाड़ा

**नरेंद्र जांगिड़**
उपखण्ड अधिकारी पिण्डवाड़ा

**योगेश आचार्य**
अधिशाषी अधिकारी पिण्डवाड़ा

एवं समस्त पार्षद एवं सदस्यगण, नगर पालिका, पिण्डवाड़ा


## जयपुर भाजपा शहर कार्यालय में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का भव्य स्वागत

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार शिवराज सिंह चौहान का जयपुर आगमन पर भाजपा जिला कार्यालय में भव्य एवं गरिमामय स्वागत किया गया। भाजपा जयपुर शहर के जिला अध्यक्ष अमित गोयल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों, पुष्पमालाओं और जोरदार नारों के साथ उनका अभिनंदन किया। पूरा जिला कार्यालय "भारत माता की जय" और "वंदे मातरम्" के जयघोष से गूंज उठा।



इस अवसर पर राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी, लाडपुरा विधायक कल्पना देवी, जिला महामंत्री रेखा राठौड़, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह पूर्यवंशी, अजय यादव, जिला मंत्री नीलू जांगिड़, जी. राम मीणा, विजय शर्मा (बंटी), प्रवक्ता निर्मल सैनी, कार्यालय मंत्री क्षमा अग्रवाल, आईटी संयोजक राजेश गौतम, सोशल मीडिया संयोजक मनीष शर्मा, राज सिंह राठौड़, सहित अनेक पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार का मूल मंत्र "किसान समृद्ध तो देश समृद्ध" है।

चौहान ने केंद्र सरकार की किसान कल्याणकारी नीतियों और हाल ही में केंद्रीय बजट में किसानों के लिए किए गए प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज भारत की कृषि नीति केवल समर्थन नहीं, बल्कि किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में काम कर रही है।


श्री गणेशाय नमः

पूज्य ब्रह्मलीन संत श्री कृष्णदास कंचन जी महाराज

प्राकट्योत्सव



चरणों में

शिव दयाल मिश्रा-उर्मिला, ज्ञानेन्द्र मिश्रा-संतोष
चेतेन्द्र मिश्रा-प्रतिभा, कुमकुम, आरना, गौरवी, हर्विका

मो. 9928022718, 9829329070, 9828333666

22 फरवरी

श्री कंचन धाम, गैंडोली (खटकड़), बूंदी (लाखेरी रोड)
श्री कंचन धाम, आन्योर, परिक्रमा मार्ग, गोवर्धन, उत्तर प्रदेश








JETHI TECH SOLUTIONS
Follow Us: @jethitech

ADDING WINGS TO YOUR BUSINESS

BULK SMS - Lowest Price
Buy 1 Lakh SMS @ Rs.12000/-
With FREE Control Panel
@ 12 Paisa Per SMS
LIFETIME VALIDITY

WEDDING INVITATION
1 Invitation Video for Whatsapp
10,000 Bulk SMS
1 Social HashTag Creation
1 Whatsapp Direct Chat Link
1 Landing Page
Send Digital Invitations At One Click

START-UP PACKAGE
Dynamic Website
+ Domain & Hosting(1 Year)
+ Social Media Profile Creation
+ Social Media Management* (1 Year)
+ 3 WhatsApp Stickers
+ WhatsApp Chat Direct Link
+ Local Business Listing
+ Logo Design
All For Just Rs.35,000/- + GST

Digital Branding/Marketing
★ Youtube Marketing ★ Website Development
★ Digital Marketing ★ Android Development
★ Whatsapp Marketing ★ Software Development
★ Bulk SMS Marketing ★ Social Media Management

MSGJET | SCHOOL Management System

Corporate Branding/Identity
★ Visiting Cards ★ ID Cards ★ Letterhead ★ Calendars ★ Pen Stand ★ Mugs
★ Pamphlets ★ Banners ★ Envelope ★ Diary ★ Paper Weights ★ T-Shirts
★ Bill Book ★ Brochure ★ Signages ★ Bags ★ Pen ★ Many More...

Financial Services: Business Loan, Home Loan, CC Limit, Mortgage Loan

WE ARE Google Partner | AdWords Analytics | Facebook Marketing Partner | Accredited Professional Bing ads

DIGITAL MARKETING | CORPORATE BRANDING | PRINT MEDIA
WEBSITE DESIGN/DEVELOPMENT | SOFTWARE DEVELOPMENT
ANDROID/iOS APPS | BULK SMS | CRM/ERP SOFTWARE

INDIA: 1C, Rajputana Marg, Kalyanpuri, Jhotwara, Jaipur-12
USA: 11923 NE Summer St. Portland, Oregon, 97220, USA
+91-7976625313, +1(503) 8788224 || www.jethitech.com || sales@jethitech.com

सम्पादकीय

# दुनिया में परमाणु अपारदर्शिता से बढ़ती रणनीतिक अस्थिरता

के पिछले दिनों अमरीका ने चीन पर अत्यंत गंभीर और दूरगामी प्रभाव वाला आरोप लगाया है, जिसने वैश्विक परमाणु संतुलन, रणनीतिक पारदर्शिता और अंतरराष्ट्रीय भरोसे की पूरी संरचना को चुनौती दे दी है। अमरीकी अधिकारियों का दावा है कि 22 जून 2020 को चीन ने अपने शिनजियांग प्रांत स्थित लोफ नूर परीक्षण स्थल पर एक गुप्त परमाणु परीक्षण किया, जिसे सुनियोजित ढंग से अंतरराष्ट्रीय समुदाय और निगरानी तंत्र से छिपाया गया। अमरीका ने इस आरोप को केवल एक आम बयान के रूप में नहीं रखा, बल्कि परीक्षण की सटीक तिथि और समय सार्वजनिक कर इसे तथ्यात्मक गंभीरता प्रदान की। यह स्पष्ट संकेत है कि वाशिंगटन इसे वैश्विक सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा मानता है, न कि महज कूटनीतिक दबाव की रणनीति। यदि यह आरोप सत्य सिद्ध होता है तो यह दशकों से कायम परमाणु परीक्षण विराम की उस अनौपचारिक, लेकिन प्रभावी परंपरा को तोडने् जैसा होगा, जिसने शीत युद्ध के बाद की दुनिया में स्थिरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

अमरीकी विशेषज्ञों ने जिस 'डिकपलिंग' तकनीक का उल्लेख किया है, वह विशेष रूप से चिंताजनक है। इस तकनीक के माध्यम से भूमिगत परमाणु विस्फोट के भूकंपीय संकेतों को इस प्रकार नियंत्रित किया जाता है कि वे सामान्य भू-गतिविधि जैसे प्रतीत हों। यदि किसी राष्ट्र ने इस प्रकार अंतरराष्ट्रीय निगरानी प्रणालियों को चकमा देने का प्रयास किया है, तो यह केवल एक तकनीकी प्रयोग नहीं, बल्कि वैश्विक नियम-आधारित व्यवस्था को चुनौती देने का सुनियोजित प्रयास है। यह घटना परमाणु हथियार नियंत्रण की विश्वसनीयता पर सीधा प्रहार करती है। इस पूरे घटनाक्रम का समय भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। अमरीका और रूस के बीच रणनीतिक परमाणु हथियारों को सीमित करने वाली न्यू स्टार्ट संधि फरवरी 2026 में समाप्त हो चुकी है। इस संधि ने वर्षों तक दो प्रमुख परमाणु शक्तियों के बीच संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई थी। इसके समाप्त होते ही यदि तीसरी बड़ी शक्ति पर गुप्त परीक्षण का आरोप सामने आता है, तो यह प्रश्न स्वाभाविक है कि क्या भविष्य की हथियार नियंत्रण व्यवस्था को द्विपक्षीय के बजाय त्रिपक्षीय या बहुपक्षीय स्वरूप नहीं दिया जाना चाहिए। चीन को औपचारिक नियंत्रण ढांचे में शामिल किया जाना अधिक यथार्थवादी प्रतीत होता है। चीन ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए उन्हें राजनीतिक प्रेरित बताया है। बीजिंग ने अपनी 'नो-फर्स्ट-यूज' नीति के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई है। लेकिन समानांतर रूप से चीन की गतिविधियां अलग कहानी कहती हैं। हाल के वर्षों में नए आइसीबीएम साइलो क्षेत्रों का निर्माण, हाइपरसोनिक मिसाइलों का परीक्षण, परमाणु पनडुब्बी बेड़े का विस्तार और परमाणु भंडार में तीव्र वृद्धि जैसे संकेत तीव्र आधुनिकीकरण कार्यक्रम की ओर इशारा करते हैं। यह प्रवृत्ति चीन के 'न्यूनतम प्रतिरोध' के दावे को संदिग्ध बनाती है।

भारत के लिए यह घटनाक्रम अत्यन्त महत्वपूर्ण है। गौरतलब है कि 2020 में गलवान घाटी में हुए संघर्ष ने पहले ही यह स्पष्ट कर दिया था कि सीमाई तनाव अब पारंपरिक सीमाओं तक सीमित नहीं रहा। यदि उसी समय-सीमा में यह परमाणु परीक्षण हुआ तो यह एक व्यापक सामरिक संदेश का हिस्सा हो सकता है।

# पैकेटबंद खाद्य पदार्थों पर चेतावनी : जन स्वास्थ्य के लिए सर्वोच्च न्यायालय की सख्त पहल



दिलीप शर्मा
पत्रकार
@jagrukjanta.net

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

> लेबल कोई जादुई समाधान नहीं है। यह एक बहुआयामी रणनीति का हिस्सा जरूर हो सकता है। भ्रामक दावों की कड़ी निगरानी, उच्च वसा, शक्कर और नमक वाले उत्पादों पर पोषक तत्व आधारित कर लगाने की संभावना और डिजिटल मीडिया पर बच्चों को लक्षित करने वाले प्रचार पर प्रतिबंध लगाने की व्यवस्था होनी चाहिए।

ग त सप्ताह सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) से उन पैकेटबंद खाद्य पदार्थों पर फ्रंट ऑफ पैक यानी पैकेट पर सामने की ओर चेतावनी लेबल लगाने पर गंभीरता से विचार करने को कहा, जो चीनी, संतृप्त वसा, ट्रांस वसा और सोडियम की अधिक मात्रा वाले हों। न्यायालय ने यह भी कहा कि ऐसे लेबल सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी लक्ष्यों को हासिल करने में मददगार हो सकते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने इस पर चार सप्ताह में जवाब मांगा है। यह बात नियामक के लिए खास है क्योंकि उसने वर्षों तक इस मुद्दे पर बहस तो की लेकिन मानदंडों को अंतिम रूप नहीं प्रदान किया। देश में मोटापे की समस्या चिंताजनक रूप से बढ़ रही है और अब वह एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बन चुकी है।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण की 2019-21 की रिपोर्ट बताती है कि 24 फीसदी महिलाएं और 23 फीसदी पुरुष अधिक वजन या मोटापे की समस्या से जूझ रहे हैं। पांच साल से कम उम्र के बच्चों में अतिरिक्त वजन साल 2015-16 के 2.1 फीसदी से बढ़कर 2019-21 में 3.4 फीसदी हो गया। वर्ल्ड ओबेसिटी एटलस 2024 का अनुमान है कि साल 2020 में 3.3 करोड़ से अधिक भारतीय बच्चे मोटापे से ग्रस्त थे और यह संख्या 2035 तक बढ़कर 8.3 करोड़ तक हो सकती है। यह 15 साल में दोगुने से अधिक इजाफा है। इसके साथ-साथ ही भारत अति प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के लिए सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक बन चुका है।

वर्ष 2025-26 की आर्थिक समीक्षा में इस बात को रेखांकित किया गया है कि 2009 से 2023 के बीच ऐसे अत्यधिक प्रसंस्करण वाले खाद्य पदार्थों की बिक्री में 150 फीसदी से अधिक इजाफा हुआ। यह मोटापे, डायबिटीज और अन्य कई बीमारियों की प्रमुख वजह है। लगभग इसी अवधि में मोटापा कम से कम दोगुना हो गया है और इनके आपसी संबंधों की अनदेखी करना मुश्किल है। वैश्विक साक्ष्यों का एक समूह, जिसमें लैंसेट की ऐसे खाद्य पदार्थों पर एक श्रृंखला भी शामिल है, ऐसे खाद्य पदार्थों की अधिक खपत को मोटापा, डायबिटीज, दिल की बीमारियों, श्वसन संबंधी बीमारियों और यहां तक कि मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से भी जोड़ता है।



इसके निहितार्थ चिंताजनक हैं- बढ़ती स्वास्थ्य देखभाल लागत, उत्पादकता की हानि और लोक वित्त पर दीर्घकालिक दबाव। गैर संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए भारत की राष्ट्रीय बहुक्षेत्रीय कार्य योजना (2017) ने उच्च वसा, शक्र र और नमक की खपत को कम करने के लिए फ्रंट ऑफ पैक लेबलिंग (एफओपीएल) की सिफारिश की थी। वर्षों की परामर्श प्रक्रिया के बावजूद इससे संबंधित मानदंड अब तक तय नहीं हो पाए हैं। एफएसएसएआई ने उद्योग के विरोध और लेबलिंग मॉडलों पर बहस के बीच फ्रंट ऑफ पैक नियमों को अंतिम रूप देने में देरी की है।

समस्या की एक वजह नियामकीय अस्पष्टता में भी निहित है। भ्रामक प्रचारों के विरुद्ध केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण के दिशानिर्देश और खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम दोनों बढ़ाचढ़ाकर किए गए स्वास्थ्य संबंधी दावों का निषेध करते हैं लेकिन इनमें पोषण की सीमा से संबंधित स्पष्टता की कमी है जिसके आधार पर यह तय किया जा सके कि खाद्य मार्केटिंग में कौन-सी बातें भ्रामक हैं कौन-सी नहीं। लेबलब्लाइंड सॉल्युशंस द्वारा किए गए एक स्वतंत्र अध्ययन ने पाया कि करीब एक तिहाई लेबलिंग दावे या तो अनुपालन से परे थे या फिर उनमें पर्याप्त नियामकीय प्रमाणन का अभाव था। चेतावनी देने वाले लेबल अधिक प्रत्यक्ष सुधारात्मक उपाय प्रदान करते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि सरल, व्याख्यात्मक चेतावनियां जैसे 'अधिक शक्कर' या 'अधिक नमक' अस्वास्थ्यकर विकल्पों को हतोत्साहित करने में रेटिंग जैसी प्रणाली और हेल्थ स्टार रेटिंग की तुलना में अधिक प्रभावी साबित होती हैं। चिली जैसे देश ने चेतावनी लेबलों को मार्केटिंग प्रतिबंधों के साथ जोड़ा है, विशेष रूप से बच्चों के लिए। इस प्रकार उसने एक एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचा तैयार किया है।

ध्यान रहे कि लेबल कोई जादुई समाधान नहीं है। यह एक बहुआयामी रणनीति का हिस्सा जरूर हो सकता है। भ्रामक दावों की कड़ी निगरानी, उच्च वसा, शक्कर और नमक वाले उत्पादों पर पोषक तत्व आधारित कर लगाने की संभावना और डिजिटल मीडिया पर बच्चों को लक्षित करने वाले प्रचार पर प्रतिबंध लगाने की व्यवस्था होनी चाहिए।

पोषण अभियान (पीएम पोषण शक्ति निर्माण), ईट राइट इंडिया और राष्ट्रव्यापी जागरुकता अभियानों जैसी सरकारी पहलें एक आधार प्रदान करती हैं। ऐसे बाजार में, जो अति प्रसंस्करण वाले विकल्पों और प्रभावशाली विज्ञापन से भरा हुआ है, राज्य को यह सुनिश्चित तो करना चाहिए कि उपभोक्ताओं को यह स्पष्ट चेतावनी मिले कि वे क्या खा रहे हैं।

# प्रेमानंद महाराज ने बताया श्री कृष्णा का सबसे बड़ा मंत्र!

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



पी.डी. व्यास
पत्रकार
@jagrukjanta.net

भगवान श्रीकृष्ण के कई शक्तिशाली मंत्र हैं, जिनके जाप करने से जातक के जीवन से कष्टों का निवारण हो जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि एक ऐसा मंत्र भी है, जिसके निरंतर जाप और नियम पालन के साथ पूर्ण श्रद्धा और भक्ति से जाप किया जाए, तो 21 दिनों में आपको शुभ परिणाम मिल सकते हैं। स्वयं प्रेमानंद जी महाराज ऐसा कहते हैं।

उन्होंने यह भी बताया है कि भगवान कृष्ण के इस मंत्र का जाप करने के दौरान मन में सिर्फ श्रीकृष्ण और राधा रानी का स्मरण ही करना चाहिए। आपके मन में और कुछ नहीं आना चाहिए। यह मंत्र जितना ज्यादा प्रभावशाली है, उतना ही कठिन भी माना जाता है। तो ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि यह मंत्र कौन सा है और इसके जाप से क्या लाभ मिलते हैं?

शक्तिशाली मंत्र और उसके लाभ।

प्रेमानंद महाराज के मुताबिक 'ऊँ कृष्णाय वासुदेवाय हरये परमात्मने। प्रणतः क्लेशनाशाय गोविंदाय नमो नमः।।' यह भगवान श्रीकृष्ण का सबसे शक्तिशाली मंत्र है। इस मंत्र में भगवान श्रीकृष्ण के चार प्रमुख नामों कृष्ण, वासुदेव, हरि और परमात्मा को एक साथ आह्वान करता है। जिससे इस मंत्र की शक्ति कई गुना बढ़ जाती है।

भगवान श्रीकृष्ण के इस मंत्र का अर्थ है- वासुदेव के पुत्र, भगवान कृष्ण पापों और दुखों का नाश करने वाला और सर्वोच्च आत्मा को, जो शरण में आए हुए भक्तों के सभी क्लेशों का नाश करने वाला बताया गया हैं। गायों के पालक को मैं बार-बार नमस्कार करता हैं। नियमित रूप से इस मंत्र का जाप करने से कई तरह के लाभ नजर आने लगते हैं। भगवान श्रीकृष्ण के इस मंत्र का 21 दिनों तक लगातार जाप करने से मानसिक अशांति, चिंता और तनाव समाप्त होते है। इस मंत्र का जाप करने से मन में एक गहरी शांति और स्थिरता महसूस होने लगती है। यह बेचैनी और भ्रम की स्थिति को समाप्त करता है और आत्मा को सीधे परमात्मा से जोड़ता है। इस मंत्र का जाप करने से जातक की आध्यात्मिक शक्ति बढ़ती है। जो जातक परिवार में क्लेश, कलह या रिश्तों में तनाव का सामना कर रहा है, वह इस मंत्र के प्रभाव से अपने घर में प्रेम, शांति और सामंजस्य वापस ला सकता है। इस मंत्र को जपने के कुछ सरल नियम या विधि है। सुबह स्नान के बाद या फिर शाम को गोधूलि वेला में एक शांत और स्वच्छ स्थान में बैठकर इस मंत्र का जाप करें।

हाँ तुलसी की माला से कम से कम 108 बार इस मंत्र का जाप करना चाहिए। मंत्र जाप शुरू करने से पहले भगवान श्रीकृष्ण से अपनी समस्या को दूर करने का संकल्प लेना चाहिए और पूर्ण श्रद्धा के साथ पाठ करें। क्योंकि यह मंत्र सिर्फ पाठ नहीं बल्कि 4भगवान कृष्ण के प्रति संपूर्ण समर्पण का भाव है, जो आपको दुखों से तार सकता है।

# हाथों में खेलते प्लास्टिक बने रिश्ते

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**हममें** से शायद सभी वट्सऐप पर किसी न किसी पारिवारिक ग्रुप के सदस्य ज़रूर होंगे। चाचा और मामा परिवार के अलग ग्रुप तो ससुराल के भी दोनों पक्षों के मिलाकर हर व्यक्ति चार से पांच फैमिली ग्रुप का सदस्य तो है ही। इन ग्रुप्स में साल भर बर्थडे और एनिवर्सरी की बधाइयों के साथ तस्वीरें और विडियो फॉरवर्ड का सिलसिला चलता रहता है। परिवार में किसी की शादी हो लेकिन दूरी या व्यस्तता की वजह से न जा पाएं तो ग्रुप में आने वाली फोटोज़ और विडियोज़ के ज़रिए ही लगता है कि हम भी फंक्शन में शामिल हो गए। इन ग्रुप्स का यही फायदा है कि अलग-अलग शहरों या विदेश में होकर भी पूरा परिवार हमेशा आपस में जुड़ा रहता है। लेकिन अहम सवाल यह है कि क्या परिवार के ये सदस्य आपस में दिल से भी जुड़े हैं? या इनमें रिश्ते बस अपनी फोटो या कुछ पोस्ट शेयर और लाइक करने तक ही सीमित रह गए हैं? पुराने ज़माने में भले ही साल में एक बार मिलते थे लेकिन उसकी यादें जीवन भर साथ रहती थीं। नौकरी के सिलसिले में दूर जा बसे सभी लोग परिवार में किसी शादी के अवसर पर गांव में इकट्ठे होते थे। चार-पांच दिनों तक ढेर सारी मस्ती होती थी। चचेरे, ममेरे भाई-बहनों से जीवन भर के आत्मीय रिश्ते बनते थे। साल भर तक वह रिश्ता चिट्ठियों के माध्यम से आगे बढ़ता था। आज तो इन ग्रुप्स के ज़रिए हम हर रोज़, हर पल कनेक्टेड हैं, लेकिन फिर भी एक अधूरापन सा लगता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि रोज़ की ऑनलाइन मुलाकात के बाद भी शायद ही कोई एक दूसरे के बारे में वाकई कुछ जानता है या जानना चाहता है। रिश्तों का असल मतलब तो एक-दूसरे से अपने सुख-दुख शेयर करने में ही है। लेकिन ऑनलाइन तो सब अच्छा ही दिखाना चाहते हैं। कहां घूमने गए, कहां पार्टी की या शादी में कितनी मस्ती की। कोई भी यह नहीं बताता कि उसकी ज़िंदगी में असल में चल क्या रहा है, घर-परिवार या नौकरी में कोई समस्या तो नहीं? लेकिन जब आमने-सामने मुलाकात होती थी तो बिना हिचक एक दूजे से अपने दिल की हर बात शेयर कर लेते थे। अब दिल की बात शेयर करना तो दूर, फैमिली ग्रुप्स में रिश्ते ही प्लास्टिक होते जा रहे हैं। इस हद तक कि इनमें संवेदनशीलता की कमी झलकने लगी है। जैसे हाल ही में मैंने महसूस किया। एक दिन परिवार में किसी का निधन हो गया। जानकारी मिलते ही ग्रुप के सभी सदस्यों ने दुख जताते हुए संदेश डालने शुरू कर दिए। लेकिन यह माहौल मुश्किल से एक दिन ही रह पाया। अगली सुबह देखा तो उसमें एक फनी विडियो आया हुआ था, जिस पर कई सदस्यों ने लोट कर हंसने वाले इमोजी तक डाल दिए। माथा ठनका कि कल रात तक हम दुख जता रहे थे और अगली सुबह जोक कैसे डाल सकते हैं। दोपहर होने तक तो ग्रुप वापस अपने पुराने स्वरूप में लौट आया। वहां हंसी मज़ाक के साथ ही जन्मदिन की बधाइयों का सिलसिला भी शुरू हो गया। अब कोई कह सकता है कि जीवन तो चलने का ही नाम है। किसी के जाने से बाकियों की ज़िंदगी तो नहीं रुक जाती। बात सही है, लेकिन जब हम किसी बड़े ग्रुप का हिस्सा होते हैं तो इतना ध्यान रखना ही चाहिए कि कुछ देर ऐसे पोस्ट न शेयर करें, खासकर जब ग्रुप में वह परिवार भी है, जो अपने करीबी को खोने के बाद उस वक्त गहन वेदना से गुज़र रहा है। कुछ देर के संयम की ही तो बात है, बाकी तो साल भर यहां जन्मदिन और फॉरवर्ड का खेल ही खेलना है।

आखर आखर झरे उजियार

# शिवाजी ने दिखाई अनूठी गुरु भक्ति

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



गोपाल प्रभाकर
पत्रकार
@jagrukjanta.net

शिवाजी अपने विशेष सद्गुणों की वज़ह से समर्थ गुरु रामदास के प्रिय शिष्य बन गए थे। ये बात अन्य शिष्यगण को पच नहीं रही थी। गुरुदेव ने अपने शिष्यों की ईर्ष्याजनित इस भ्रांति का निवारण करने का मन बनाया। एक दिन गुरु रामदास अपनी शिष्य मण्डली के साथ वन क्षेत्र में विचरण कर रहे थे। तभी अकस्मात उनके पेट में दर्द हुआ। सभी शिष्य समर्थ गुरु रामदास की उदर पीड़ा को देख अत्यन्त दुखी थे। शिवाजी ने पूछा, इस पीड़ा से कैसे निदान होगा गुरुदेव!

समर्थ गुरु ने कहा, शिवा, निदान तो है, लेकिन वो तुम्हारे वश में नहीं। सभी शिष्य समवेत स्वर में बोले, बताएं...गुरु महाराज,हम प्रयास करेंगे।

तब समर्थ गुरु बोले, यदि शेरनी के दूध की व्यवस्था हो जाय तो ये दर्द ठीक हो सकता है। शेरनी के दूध लाने की बात सुनकर शिष्य पीछे हट गए। लेकिन शिवा जी ने पहल करते हुए पात्र हाथ में लिया और जंगल में आगे बढ़ गए। काफ़ी भटकाव के बाद उन्हें एक गुफ़ा से शेरनी के गुर्राने की आवाज़ सुनाई दी। उन्होंने देखा शेरनी अपने बच्चों को दूध पिला रही थी।

शिवाजी शेरनी के पास मातृ भाव से गए। उन्होंने प्रार्थना की, माँ ! मैं तुम्हारे बच्चों को हानि पहुंचाने नहीं आया,अपितु मेरे गुरु का पेट दर्द मिटाने के लिए तुम्हारे थोड़े से दूध की आवश्यकता है। इसलिए कृपा करो,है वन स्वामिनी सिंहनी! भाव भरे इन शब्दों का जादुई असर हुआ। शिवा जी के सम्मोहनकारी शब्द सुनते ही, शेरनी सहज हो गई....और शिवा जी ने दूध निकाल लिया। फिर शेरनी को प्रणाम कर चल दिये। जब वो दुग्ध पात्र लेकर गुरुदेव के पास पहुँचे, तब समर्थ गुरु बोले मुझे पता था, अपने को जोखिम में डाल कर शिवा अवश्य शेरनी का दूध लाएगा। ये तुम्हारी परीक्षा थी, जिसमें तुमने स्वयं को सफल सिद्ध कर दिया। विजयश्री सदैव तुम्हारा वरण करेगी। मेरे आशीर्वाद हमेशा तुम्हारे संग रहेंगे।

ओपिनियन

# सरकारी कर्ज घटाने को राज्यों के फिजूलखर्च पर लगाम जरूरी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



राहुल भारद्वाज
पत्रकार
@jagrukjanta.net

केन्द्र सरकार पिछले पांच वर्षों में राजकोषीय मजबूती के पथ पर बढ़ती रही है। राजकोषीय घाटा और सकल घरेलू उत्पाद का अनुपात वित्त वर्ष 2021 (महामारी काल) में 9.2 फीसदी के उच्च स्तर से गिरकर वित्त वर्ष 2026 में 4.4 फीसदी पर आ गया और वित्त वर्ष 2027 के लिए लक्ष्य 4.3 फीसदी निर्धारित किया गया है। पिछले वर्षों की तुलना में वित्त वर्ष 2027 में सुदृढ़ीकरण यानी मजबूती की गति धीमी दिख रही है।

केंद्र सरकार वित्त वर्ष 31 तक ऋण-जीडीपी अनुपात को वर्तमान 56 फीसदी से घटाकर 50 फीसदी (1 फीसदी कम या ज्यादा) करने के अपने मध्यम अवधि के लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित कर रही है। इसका तात्पर्य यह है कि यदि नॉमिनल जीडीपी वृद्धि तेज बनी रहती है और सरकारी ऋण निर्धारित योजना के अनुरूप घटता है, तो केंद्र सरकार राजकोषीय सुदृढ़ीकरण की प्रक्रिया को क्रमिक रूप से और अधिक बढ़ा सकती है। कर संग्रह में कमी की चिंताओं के बावजूद केंद्र सरकार वित्त वर्ष 2026 में राजकोषीय घाटे का लक्ष्य सकल घरेलू उत्पाद के 4.4 फीसदी तक प्राप्त करने में सफल रही। लगभग 1.9 लाख करोड़ रुपये के सकल कर राजस्व में कमी की भरपाई भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा अधिक लाभांश अंतरण और कम व्यय (मुख्य रूप से राजस्व व्यय) से हुई, जिससे सरकार साल के लिए अपने राजकोषीय घाटे का लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम रही। वित्त वर्ष 2027 के लिए भी राजकोषीय गणित का लक्ष्य हासिल करने योग्य प्रतीत होता है। सरकार ने सकल कर राजस्व में 8 फीसदी की वृद्धि का लक्ष्य रखा है, जो अनुमानित नॉमिनल जीडीपी वृद्धि 10 फीसदी को देखते हुए उचित लगता है।


वित्त वर्ष 2027 में आरबीआई और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) से लगभग 3.2 लाख करोड़ रुपये का लाभांश अंतरण भी इसमें सहायक होगा। आरबीआई द्वारा उच्च लाभांश अंतरण संभवतः डॉलर की बिक्री (विदेशी मुद्रा हस्तक्षेप) और उच्च ब्याज आय से आरबीआई के अच्छे लाभ के कारण हो सकता है। दिलचस्प यह है कि सरकार ने परिसंपत्ति मुद्रीकरण सहित विनिवेश का उच्च लक्ष्य लगभग 80,000 करोड़ रुपये रखा है, जबकि वित्त वर्ष 2026 के लिए यह लगभग 35,000 करोड़ रुपये अनुमानित था। पिछले तीन वर्षों से सरकार लगभग 50,000 करोड़ रुपये का कम विनिवेश लक्ष्य निर्धारित करती रही है और इसे भी हासिल करने में सफल नहीं हो पाई है। इसलिए, वित्त वर्ष 2027 के लिए उच्च विनिवेश लक्ष्य की प्राप्ति गौर करने लायक होगी।




व्यय के मोर्चे पर यह उल्लेखनीय है कि पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) पर ध्यान केंद्रित किया गया है। केंद्र ने वित्त वर्ष 2027 में कैपेक्स के लिए लगभग 12.2 लाख करोड़ रुपये का बजट रखा है, जो वार्षिक आधार पर 12 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। कुल कैपेक्स (जिसमें केंद्र द्वारा कैपेक्स के लिए अनुदान और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों का कैपेक्स शामिल है) लगभग 22 लाख करोड़ रुपये तय है, जो वार्षिक आधार पर 20 फीसदी की मजबूत वृद्धि दर्शाता है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के सापेक्ष कुल कैपेक्स (केंद्र का कैपेक्स + कैपेक्स के लिए अनुदान + केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों का कैपेक्स) वित्त वर्ष 2027 में बढ़कर 5.6 फीसदी होने का अनुमान है, जो पिछले चार वर्षों में 5.1-5.2 फीसदी के बीच था। कुल व्यय में केंद्र के पूंजीगत व्यय का हिस्सा वित्त वर्ष 2027 में बढ़कर 23 फीसदी होने का अनुमान है, जबकि महामारी से पूर्व की अवधि (वित्त वर्ष 2015-19) में यह औसतन 13 फीसदी था। सड़कों और रेलवे पर ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ, वित्त वर्ष 2027 में रक्षा व्यय में 17 फीसदी की तीव्र वृद्धि तय हुई है। यह वित्त वर्ष 2026 में रक्षा खर्च में हुई 16 फीसदी की उच्च वृद्धि से भी ज्यादा है। केंद्र सरकार ने राजकोषीय सुदृढ़ीकरण और गुणवत्तापूर्ण व्यय की दिशा में अपना कदम जारी रखा है, लेकिन सुदृढ़ीकरण की गति धीमी हो गई है। इससे सरकार को वैश्विक अस्थिरता के बीच घरेलू मांग और वृद्धि को सहारा देने में लचीलापन मिलता है।

भारत का सरकारी ऋण (केंद्र और राज्य को मिलाकर) सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के मुकाबले वित्त वर्ष 2021 में 89 फीसदी से घटकर वित्त वर्ष 2025 में 81 फीसदी पर आ गया है। यह ऐसे समय में सराहनीय है जब वैश्विक स्तर पर सरकारी ऋण बढ़ रहा है। हालांकि, पूंजी की उच्च लागत और सीमित राजस्व आधार के कारण केंद्र और राज्य सरकारों पर ब्याज भुगतान का बोझ (ब्याज-राजस्व अनुपात के रूप में मापा गया) 24 फीसदी के उच्च स्तर पर बना हुआ है। आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें (जनवरी 2026 से प्रभावी) वित्त वर्ष 2028 में सरकारी खजाने पर दबाव डालेंगी, जिससे राजकोषीय सुदृढ़ीकरण और भी चुनौतीपूर्ण हो जाएगा। सरकार के लिए परिसंपत्ति मुद्रीकरण और विनिवेश से अधिक राजस्व जुटाना अहम होगा। साथ ही, पूंजीगत व्यय के लिए उस राजस्व को अलग रखना भी उचित होगा। योजनाओं के तहत मुफ्त वितरण और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में कमी के कारण कुछ राज्य सरकारों की वित्तीय स्थिति में दबाव के संकेत उभर रहे हैं। समग्र सरकारी ऋण स्तर को सुधारने के लिए राज्य सरकारों द्वारा विवेकपूर्ण व्यय को प्रोत्साहित करना अहम होगा। केंद्र सरकार द्वारा राजकोषीय सुदृढ़ीकरण की गति धीमी करने से, आने वाले कुछ वर्षों में उच्च डेट रिडेम्पशन के कारण ऋण बाजार पर दबाव बढ़ेगा। वित्त वर्ष 2027 में, डेट रिडेम्पशन लगभग 5.5 लाख करोड़ रुपये के उच्च स्तर पर है (पिछले पांच वर्षों के औसत लगभग 2.9 लाख करोड़ रुपये की तुलना में)। अगले तीन वर्षों में, डेट रिडेम्पशन 6 लाख करोड़ रुपये से ऊपर रहने की संभावना है। यही नहीं, वित्त वर्ष 31 में इसमें और वृद्धि होगी।

# पंचांग



ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री



साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

## सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 18/02/2026**

**सूर्योदय :** 07:04 **सूर्यास्त :** 18:16 **चन्द्रोदय :** 07:27 **चन्द्रास्त :** 19:16 **शक सम्वत :** 1947 विश्वावसु **विक्रम संवत् :** 2082 कालयुक्त **अमान्ता महीना :** माघ **पूर्णिमांत :** माघ **सूर्य राशि :** कुम्भ **चन्द्र राशि :** कुम्भ **पक्ष :** शुक्ल **तिथि :** प्रतिपदा, 16:54 तक **वार :** बुधवार **कलियुग :** 5126 वर्ष **द्रिक-वैदिक ऋतु :** शिशिर **द्रिक-वैदिक अयन :** उत्तरायण

## नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र :** शतभिषा, 21:05 तक
**योग :** शिव, 22:36 तक
**प्रथम करण :** बावा, 16:54 तक
**द्वितिय करण :** बालवा, 28:30 तक

## शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 05:15 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 05:41 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | कोई नहीं |
| विजय मुहूर्त | 02:28 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 06:11 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 06:13 पी एम से |
| अमृत काल | 02:04 पी एम से |
| निशिता मुहूर्त | 12:9 ए एम, फरवरी 19 से 01:00 ए एम, फरवरी 19 |

### निवास और शूल

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
होमाहुति : सूर्य
चन्द्रवास : पश्चिम

## चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया |
|---|---|---|
| लाभ | : 07:04 - 08:28 | उद्वेग : 18:16 - 19:51 |
| अमृत | : 08:28 - 09:52 | शुभ : 19:51 - 21:27 |
| काल काल वेला | : 09:52 - 11:16 | अमृत : 21:27 - 23:03 |
| शुभ | : 11:16 - 12:40 | चर : 23:03 - 00:39 |
| रोग वार वेला | : 12:40 - 14:04 | रोग : 00:39 - 02:15 |
| उद्वेग | : 14:04 - 15:28 | काल : 02:15 - 03:51 |
| चर | : 15:28 - 16:52 | लाभ : 03:51 - 05:27 |
| लाभ | : 16:52 - 18:16 | उद्वेग : 05:27 - 07:03 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

## आज प्रतिपदा

### आज कौन सा कार्य करें

प्रतिपदा को विवाह, यात्रा, व्रतबंध, प्राण प्रतिष्ठा, चूड़ा कर्म, वास्तु कर्म, गृह प्रवेश आदि मंगल कार्य बिलकुल भी नहीं करने चाहिए।

## बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।

**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।

**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

माघ, शुक्ल, प्रतिपदा, 2082 बुधवार, 18 फरवरी - 24 फरवरी, 2026

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
कम समय में अधिक आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। मध्यान पश्चात मित्र-परिजनों के साथ मनोरंजन के अवसर मिलेंगे धार्मिक कार्यो में भी उपस्थिति देंगे। उत्तम भोजन वाहन सुख मिलेगा।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
**संतान** से पुराने मतभेद उभरने से पारिवारिक वातावरण अशान्त होगा। आर्थिक स्थिति बिगड़ने से कर्ज लेना पड़ सकता है। कार्य क्षेत्र पर आरंभिक बिक्री के बाद आज उदासीनता छायी रहेगी।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
क्रय-विक्रय के व्यापार से लाभ होगा विदेशी वस्तुओ के व्यापार में निवेश आगे के लिये लाभदायक रहेगा। प्रेम प्रसंगों में सम्बन्ध बिगड़ेंगे। संध्या बाद असंयमित दिनचर्या से थकान रहेगी।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
**नौकरी** पेशाओ को अतिरिक्त कार्य मिलने से असुविधा होगी काम लापरवाही से करेंगे। मित्रो के साथ बाहर घूमने का अवसर मिलेगा। ससुराल से लाभ होगा। पारिवारिक दायित्व बढ़ने से व्यस्तता रहेगी।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ङ,छ,के,को,ह]
आकस्मिक यात्रा के योग बनेंगे यात्रा में चोटादि का भय है सावधान रहें। सरकारी दस्तावेजो को संभाल कर रखें। संतान के कारण हानि हो सकती है। विदेशी अथवा दूर रहने वाले व्यक्ति से लाभ हो सकता है।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
नौकरीपेशा जातको को मेहनत का फल मिलेगा। विरोधियो पर विजय प्राप्त करेंगे। शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। साहित्यकार, लेखक एवं पत्रकारों के लिए सप्ताह विशेष लाभदायक रहेगा।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
कार्य क्षेत्र या घर में परिवर्तन अथवा साज सज्जा में बदलाव भी कर सकते है समाज के प्रतिष्ठित लोगो से सम्मान मिलेगा लेकिन आर्थिक लाभ थोड़ा विलम्ब से होगा। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
**परिजनों** के साथ मित्रवत व्यवहार रहेगा। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति के कारण खर्च बढ़ने से असहज अनुभव करेंगे। उधार से बचे। सेहत ठीक रहेगी। आलस्य का वातावरण रहेगा।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
**व्यवहार** कुशलता व संतोषि स्वभाव से सम्मानित होंगे। उधारी वसूलने में परेशानी आ सकती है। घर में मेहमानों के आने से वातावरण आनंदित होगा। पारिवारिक खर्च बढ़ने से परेशानी भी होगी।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
**नए** कार्यो का आरंभ आज ना करें ना ही किसी को उधार दें। इसके बाद परिवार के सदस्यों का सहयोग मिलने लगेगा लेकिन घरेलू आवश्यकताओं को नजरअंदाज करने से अशांति बढ़ेगी।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
**मित्र** परिजनों के साथ ज्यादा समय बिताना पसंद करेंगे। फिजूल खर्ची से बचें। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहने से सप्ताह उत्साह पूर्ण रहेगा।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
**आर्थिक** लाभ के लिए अधिक प्रयत्न करना पड़ेगा मध्यान के समय किसी मनोकामना की पूर्ति होने से प्रसन्न रहेंगे।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर



# राजस्थान ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ जयपुर महानगर ने उत्साह से मनाया फागोत्सव

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ जयपुर महानगर की तरफ से फागोत्सव पर नारी सशक्तिकरण सम्मान एवं नवीन कार्यकारिणी की शपथ ग्रहण किया गया। अध्यक्ष संतोष शर्मा ने बताया कि हमारा उद्देश्य आज की सशक्त महिला एवं आज युवा पीढ़ी को आगे बढ़ाना है कई बहनें जो प्रतिभा से भरी है उनको नारी सशक्तिकरण सम्मान करके उनका मनोबल बढ़ाया है। युवा पीढ़ी को भी सम्मान किया गया सनातन धर्म का प्रचार, हिंदुत्व की भावना को बढाने का प्रयास किया गया है। इस प्रोग्राम में अतिथि के रूप प्रमिला दुबे, गोविंद जौहरी, सुशील शर्मा, आरती शर्मा, नीना पारीक, अनीता शर्मा ने शिरकत की।

# श्री श्याम के रंगीले सेवा समिति का 18वां भण्डारा 24 से

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** श्री श्याम के रंगीले सेवा समिति, जे.पी. कॉलोनी की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 18वां विशाल दो दिवसीय भण्डारा खाटूश्याम जी मेले के तहत 24 फरवरी से आयोजित किया जाएगा। प्रवीण, चेतेन्द्र, नरेश ने बताया कि बीते 17 वर्षों से श्याम भक्तों के लिए भण्डारे का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष का भण्डारा उदयपुरिया मोड से आगे, जीओ पेट्रोल पम्प के पास, मैन सीकर रोड पर है। इस दौरान भजन संध्या, नाश्ता, चाय, पानी, मेडिकल सुविधा, विश्राम स्थल के अलावा अनवरत भोजन प्रसादी का कार्यक्रम रहेगा। भण्डारे में स्थानीय युवाओं का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

# यूईएम का 11वां दीक्षांत समारोह 22 को

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर, रविवार, 22 फरवरी को अपने परिसर में 11वां दीक्षांत समारोह आयोजित करने जा रही है। यह गरिमामय शैक्षणिक आयोजन विश्वविद्यालय की अकादमिक उत्कृष्टता की यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को दर्शाता है और विभिन्न संकायों से स्नातक होने वाले विद्यार्थियों की उपलब्धियों का उत्सव होगा।

दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता यूईएम जयपुर की कुलाधिपति बनानी चक्रवर्ती करेंगी, जिनका मार्गदर्शन विश्वविद्यालय के विकास और प्रगति में अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. अनिल डी. सहस्त्रबुद्धे होंगे, जो एक प्रख्यात शिक्षाविद् एवं शिक्षा विशेषज्ञ हैं। वह वर्तमान में नेशनल एजुकेशनल टेक्नोलॉजी फोरम के अध्यक्ष, नेशनल असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन काउंसिल की कार्यकारी समिति के अध्यक्ष हैं तथा नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रेडिटेशन से भी संबद्ध हैं। उनकी उपस्थिति से समारोह की गरिमा बढ़ेगी और विद्यार्थियों को प्रेरणा मिलेगी। समारोह में विश्वविद्यालय के अनेक विशिष्ट अधिकारी एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे, जिनमें प्रो. (डॉ.) बिस्वजॉय चटर्जी, कुलपति, यूईएम जयपुर; प्रो. (डॉ.) सत्यजीत चक्रवर्ती, प्रो. कुलपति; तथा प्रो. (डॉ.) प्रदीप कुमार शर्मा, कुलसचिव शामिल हैं।

कार्यक्रम के दौरान स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएच.डी. कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले लगभग 400 विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान की जाएँगी। शैक्षणिक उत्कृष्टता के सम्मान में मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक भी प्रदान किए जाएँगे। इस अवसर पर शिक्षा, रक्षा, प्रशासनिक सेवाओं एवं उद्योग जगत से जुड़े प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों को मानद कॉज़ा उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। इन क्षेत्रों के विशिष्ट अतिथि दीक्षांत समारोह की शोभा बढ़ाएँगे।

# भाजपा जयपुर शहर संगठनः 44 सदस्यीय कार्यकारिणी में सभी वर्गों का मजबूत प्रतिनिधित्व

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** भाजपा जयपुर शहर संगठन ने अपनी नई 44 सदस्यीय कार्यकारिणी की घोषणा कर संगठनात्मक मजबूती का संदेश दिया है। इस सूची में 12 महिला कार्यकर्ताओं को स्थान देकर पार्टी ने महिला सशक्तिकरण और सभी वर्गों का समावेश किया है।

जयपुर शहर भाजपा अध्यक्ष अमित गोयल ने बताया कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड की स्वीकृति के बाद जारी की गई इस कार्यकारिणी में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया है। इसमें पूर्व पार्षद, पूर्व मंडल अध्यक्ष, पार्षद प्रत्याशी, पाक विस्थापित भाजपा के वरिष्ठ सदस्य, पूर्व जिला कार्यकारिणी सदस्य, पूर्व जिले के पदाधिकारी, पूर्व महिला मोर्चा के पदाधिकारी, किसान मोर्चा, एससी समाज के सदस्य को सदस्य बनाया गया है। कार्यकारिणी में अजय सिंह चौहान, सुरेंद्र प्रजापति, विजय शर्मा, राकेश गुर्जर, राजेन्द्र खरबास, दिनेश यादव, जगदीश चन्द्रावत, कैलाश जांगिड़, राजेन्द्र मेघवाल, पंकज कट्टा, आनन्द यादव, सुनील मिश्रा, महेश जांगिड़, राजेश सलोदिया, जया गौड़, रेखा सैन, अल्का खण्डेलवाल, नीलम अग्रवाल, स्नेहलता साबू, विजेता खडोलिया, प्रिया हल्दिया, राजकुमारी ब्रह्मभट्ट, शिल्पा शर्मा, आकांक्षा खाण्डल, श्याम सुन्दर अग्रवाल, मनोज रावत, रिंकू उमरवाल, राजेश अजमेरा, मुकेश जोशी, नीरज अग्रवाल, आशीष मेहता, हेमराज टाटीवाल, कमलेश पांचाल, दीप सिंह रावत, सत्येंद्र सतनाली, लव सिंह राठौड़, मेघना कुमावत, जितेंद्र शर्मा, संगीता शर्मा, बलराम सिंह शेखावत, अनमोल माथुर, हरीश शर्मा, शैलेश शाह, हेमंत चौहान के नाम से शामिल किए गए हैं।

## राजस्थान ब्राह्मण महासभा (जयपुर महानगर) महिला प्रकोष्ठ में नीना पारीक उपाध्यक्ष नियुक्त



**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा (जयपुर महानगर) की संतोष शर्मा के नेतृत्व में महिला प्रकोष्ठ को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। एडवोकेट नीना पारीक को सामाजिक कार्यो में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति दी गई है तथा सम्मान से नवाजा गया है। इसके साथ ही महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए कानूनी,कला,साहित्य, शिक्षा, चिकित्सा व समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभाने वाली महिलाओं को महासभा द्वारा सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर महासभा की वरिष्ठ उपाध्यक्ष आरती शर्मा एवं सविता पारीक भी उपस्थित थी।

सिरोही में आबकारी नियमों की खुलेआम अनदेखी

# तय समय के बाद भी बिक रही शराब, रेट लिस्ट नदारद, शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net





**सिरोही @ तुषार पुरोहित।** जिले में आबकारी विभाग के नाक के नीचे शराब विक्रय से जुड़े नियम-कायदों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। निर्धारित समय के बाद भी शराब की बिक्री जारी रहने और सुबह तय समय से पहले दुकानों के शटर खुलने के आरोप सामने आए हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार आबकारी महकमा मूकदर्शक बना हुआ है, जिससे व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार सिरोही शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कई शराब दुकानों पर न तो खुलने-बंद होने का समय स्पष्ट रूप से अंकित है और न ही उसका पालन हो रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि देर रात तक खुलेआम शराब बेची जा रही है। वहीं सुबह भी निर्धारित समय से पहले दुकानों के शटर उठ जाते हैं। इससे कानून व्यवस्था और सामाजिक माहौल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

### रेट लिस्ट भी नहीं लगी, उपभोक्ताओं में नाराजगी

नियमों के अनुसार प्रत्येक शराब दुकान पर रेट लिस्ट का प्रदर्शित होना अनिवार्य है, ताकि उपभोक्ताओं से अधिक राशि वसूली न हो। लेकिन जिले की कई दुकानों पर रेट लिस्ट नजर नहीं आती। उपभोक्ताओं का कहना है कि मनमाने दाम वसूले जा रहे हैं और शिकायत के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही।

### शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

सिरोही के वरिष्ठ अधिवक्ता भेरूपाल सिंह बालावत ने आबकारी सीआई आशीष शर्मा को व्हाट्सएप संदेश भेजकर पूरे मामले से अवगत कराया। इसके बाद भी मौके पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से सवाल और गहरा गए हैं। बालावत ने आबकारी आयुक्त को भी लिखित शिकायत भेजकर सिरोही जिले में जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### बंधी का खेल तो नहीं ?

कहीं इस पूरे प्रकरण के पीछे 'मासिक बंधी' का खेल तो नहीं चल रहा? हालांकि इस संबंध में आधिकारिक रूप से कुछ भी सामने नहीं आया है, लेकिन कार्रवाई में हो रही देरी से संदेह गहराता जा रहा है।

### अधिकारी ने दिया जवाब

इस संबंध में जिला आबकारी अधिकारी अजय जैन से पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने बताया कि वे कोर्ट में एविडेंस पेशी पर हैं। हालांकि उन्होंने विस्तृत प्रतिक्रिया नहीं दी।

# भाजपा जनप्रतिनिधि ही बेबसः प्रस्तावों पर कार्रवाई नहीं, सड़कों की बदहाली बरकरार

**जिला परिषद बैठक में उठे PWD मुद्दों पर महीनों बाद भी नहीं हुई सुनवाई, आमजन में रोष**

**जिला परिषद सदस्य ने भेजी मंत्री को शिकायत**

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net





**सिरोही।** जिले में सड़क व्यवस्था को लेकर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच तालमेल की कमी खुलकर सामने आ रही है। भाजपा सरकार में भाजपा के ही जनप्रतिनिधियों की अनदेखी का मामला अब सुर्खियों में है। जिला परिषद सदस्य दिलीप जैन द्वारा सार्वजनिक निर्माण विभाग से जुड़े मुद्दे उठाए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से सवाल खड़े हो रहे हैं। बताया गया कि 29 अक्टूबर 2025 को आयोजित जिला परिषद की बैठक में जनहित को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण सड़क सुधार प्रस्ताव रखे गए थे। इन प्रस्तावों को कलेक्टर को बीसीसी के माध्यम से संबंधित विभागीय अधिकारियों तक भी भेजा गया, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी धरातल पर कोई कार्य शुरू नहीं हुआ है। अब जैन ने इसकी शिकायत उच्च लेवल पर मंत्री को भी भेज दी है।

### बदहाल सड़कों से खतरा

**क्षेत्र** की कई सड़कें लंबे समय से जर्जर अवस्था में हैं। नांदिया से आरासणा रोड की स्थिति बेहद खराब बताई जा रही है। यह सड़क गारंटी अवधि के आसपास ही टूट गई थी। पांच वर्षों से इसकी मरम्मत नहीं होना निर्माण गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। इसी तरह कोजरा गांव से कोजरा चौराहा तक के मार्ग पर गहरे गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। लोगों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। नांदिया गांव के आंतरिक मार्ग–जैन मंदिर से प्राथमिक बालिका विद्यालय तक–की सड़क भी वर्षों से मरम्मत की बाट जोह रही है। स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं नांदिया जनापुर रपट का समतलीकरण सही नहीं होने से यह स्थान ब्लैक स्पॉट बन चुका है, जहां वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।

विधानसभा सत्र

# स्थानीय युवाओं को औद्योगिक ईकाईयों में प्राथमिकता से रोजगार उपलब्ध कराए सरकार - आक्या

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net





**चित्तौड़गढ़।** विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या ने विधानसभा में सरकार द्वारा पेश वर्ष 2026-27 के बजट के समर्थन पर बोलते हुए इसे जनकल्याणकारी, विकासोन्मुखी एवं दूरदर्शी बजट बताया। विधायक आक्या ने विधानसभा में कहा की यह बजट केवल आंकड़ो का दस्तावेज नही है, बल्कि प्रदेश के विकास, गांव-गरीब-किसान, युवा, महिला और उद्योग सभी वर्गो सहित राजस्थान के उज्जवल भविष्य का बजट है। उन्होने बजट में चित्तौड़गढ़ विधानसभा को अनेक महत्वपूर्ण सोगाते मिलने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया। विधायक आक्या ने कहा की बजट में चित्तौड़गढ़ क्षेत्र के विकास को नई गति देने वाले अनेक महत्वपूर्ण प्रावधान किये गये है जिसमें सड़को के सुदृढ़ीकरण एवं नए मार्गो के निर्माण हेतु विशेष बजट प्रावधान किये गये है जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रो की कनेक्टिविटी मजबूत होगी। पेयजल योजनाओ के विस्तार और नई जल परियोजनाओं की स्वीकृती से क्षेत्र के लोगो को जल संकट से राहत मिलेगी। स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए अस्पतालों के उन्नयन और चिकित्सा सुविधाओं में वृद्धी, शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालयों के क्रमोन्नयन, नए भवनों और आधुनिक संसाधनो की व्यवस्था, कृषि और सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से किसानो को सशक्त बनाने के ठोस प्रयास चित्तौड़गढ़ विधानसभा क्षेत्र को नए आयाम प्रदान करेंगे और क्षेत्र की वर्षो पूरानी मांगो को पूरा करेंगें।

विधायक आक्या ने सदन में कहा की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के कार्यकाल के दौरान भी चित्तौड़गढ़ विधानसभा क्षेत्र को अनेक एतिहासिक सौगाते मिली थी जिनमें प्रमुख सड़को और राज्य मार्गो का विकास, पेयजल एवं सिंचाई परियोजनाओं का विस्तार, पर्यटन स्थलो के संरक्षण एवं विकास की पहल, औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के प्रयास सहित अनेक महत्वपूर्ण सोगोते दी गई थी उसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए भजनलाल सरकार ने विकास को और अधिक गति दी है। यह पूर्व की उपलब्धियों को सशक्त आधार बनाकर भविष्य की संभावनाओं को साकार करने का प्रयास है। विधायक आक्या ने सदन में चित्तौड़गढ़ विधानसभा की प्रमुख चुनौतियो से भी सरकार को अवगत कराते हुए कहा की चित्तौड़गढ़ का बड़ा हिस्सा आज भी जल संकट से जूझता है। अनेक गांवो में पेयजल की नियमित उपलब्धताएं चुनौती बनी हुई है।

# गायत्री प्रज्ञापीठ के जीर्णोद्धार की समीक्षा में ट्रस्ट द्वारा बैठक का हुआ आयोजन



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**चौमूं।** शहर की राधा बाग कॉलोनी में स्थित गायत्री विद्यापीठ संस्थान पर गायत्री परिवार ट्रस्ट चौमू के कार्यकारिणी ट्रस्टी सदस्यों द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। रविवार्य गायत्री यज्ञ के पश्चात गोष्ठी का शुभारंभ हुआ। प्रज्ञा पीठ परिसर में हो रहे भवन निर्माण की समीक्षा हेतु विशेष चर्चा की गई। ट्रस्ट अध्यक्ष विनेश कुमार अग्रवाल ने भवन निर्माण के आगे की रूपरेखा प्रकट की। ट्रस्ट सचिव ने राजकुमार शर्मा ने अब तक हुए भवन निर्माण का हिसाब किताब सदस्यों के समक्ष रखा। आगे बताया कि बहुत जल्द ही एक सांस्कृतिक केंद्र बनने जा रहा है जिसमें आगे चलकर भारतीय संस्कृति से जुड़ी सभी कार्यक्रम एवं गतिविधियों का केंद्र बनेगा। जिसका उद्देश्य सनातन धर्म का प्रचार प्रसार रहेगा। साथ ही उपाध्यक्ष एड. जितेंद्र सिंह बीजावत ने बताया कि जीर्णोधार के कार्य में किसी व्यक्ति विशेष का सहयोग ही नही अपितु हर एक धर्मप्रेमी एवं सज्जन का सहयोग और अनुदान होना चाहिए ताकि सभी की भावनाएं जुड़ सकें। जो भी परिजन इस पावन कार्य में अपना अनुदान देना चाहता है तो उस भामाशाह का स्वागत है।

## इंडिया AI इंपैक्ट समिट की प्रधानमंत्री ने की शुरुआत, देश-दुनिया की कंपनियों के प्रोडक्ट्स भी देखे

# मोदी बोले- समिट में दुनियाभर से आए लोगों का स्वागत है...

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया AI इंपैक्ट समिट की शुरुआत की। इससे पहले मोदी ने X पर लिखा, 'समिट में हिस्सा लेने आए दुनिया भर के नेताओं, बिजनेसमैन, इनोवेटर्स, रिसर्चर्स का दिल से स्वागत करता हूं। इस समिट की थीम 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' यानी 'सबका भला और सबकी खुशी' है। भारत मंडपम में करीब 65 देशों के AI प्रोजेक्ट का एक्स्पो भी लगाया गया है। पीएम मोदी ने इनमें से कुछ प्रमुख कंपनियों के पविलियन का दौरा किया और उनके प्रोडक्ट की जानकारी भी ली।**

**1 Jio AI:** यह डिजिटल सेवाओं को और स्मार्ट बनाने पर काम कर रहा है। तेज इंटरनेट, स्मार्ट चैटबॉट और पर्सनलाइज्ड सेवाओं के जरिए ग्राहकों को बेहतर अनुभव देता है। इसका मकसद AI को आम मोबाइल यूजर तक आसान और सुलभ बनाना है।

**2 Bharat Gen:** यह एक स्वदेशी AI प्लैटफॉर्म है, जो अधिकतर भारतीय भाषाओ मे काम करने के लिए तैयार किया गया है। यह टेक्स्ट, ऑडियो और इमेज को समझकर जवाब दे सकता है। इसका मकसद सरकारी सेवाओं, शिक्षा और डिजिटल प्लैटफॉर्म पर लोगों को उनकी अपनी भाषा में सही और तेज जानकारी देना है।

**3 सर्वम AI:** भारतीय भाषाओं के लिए सर्वम AI लार्ज लैंग्वेज मॉडल तैयार कर रहा है। यह चैटबॉट, अनुवाद और कंटेंट बनाने में मदद करता है। खास बात यह है कि यह हिंदी समेत कई भारतीय भाषाओं को बेहतर तरीके से समझता है।


जियो के पविलियन में पीएम के साथ दिखे आकाश अंबानी।

**4 Addverb AI:** यह मुख्य रूप से स्मार्ट रोबॉट और ऑटोमेशन तकनीक पर काम करता है। इसके AI से चलने वाले रोबॉट गोदामों और फैक्ट्रियों मे सामान की पहचान, उठाने-रखने और छंटाई जैसे काम तेजी और सटीकता से करते हैं।

**5 Wadhwani AI:** सामाजिक क्षेत्र के लिए Wadhwani AI समाधान बनाता है। यह खेती, स्वास्थ्य और टीबी जैसी बीमारियों की पहचान मे मदद करता है। जैसे, यह AI एक्स-रे देखकर टीबी की शुरुआती पहचान कर सकता है।

**6 Meta AI Glasses:** Meta ने AI इनबिल्ट ऐसे स्मार्ट चश्मे हैं, जिनमें कैमरा और AI तकनीक लगी होती है। ये सामने दिख रही चीजों की जानकारी दे सकते हैं, फोटो-विडियो बना सकते हैं और वॉयस कमांड से काम कर सकते हैं। विजुअली चैलेंज्ड लोगों के लिए भी इससे मदद मिलेगी।

**7 Kinetic AI earable Technology:** इसकी AI Earable तकनीक स्मार्ट ईयरबड्स जैसी डिवाइस है, जो आवाज को समझकर तुरंत जवाब दे सकती है। यह कॉल, अनुवाद और हेल्थ मॉनिटरिंग जैसे काम कर सकती है। जिन्हें कम सुनाई देता है या कान में दिक्कत है, उनके लिए यह मददगार हो सकती है।

**8 Airtel fraud detection AI tool:** टेलीकॉम कंपनी Airtel का AI फ्रॉड डिटेक्शन टूल मोबाइल यूजर्स को धोखाधड़ी से बचाने के लिए बनाया गया है। यह संदिग्ध कॉल और मेसेज की पहचान कर यूजर को चेतावनी देता है। इससे साइबर ठगी के मामलों को कम करने मे मदद मिलती है।

## दुनियाभर के कई बड़े नेता भी आ रहे

### मंगलवार


मैक्रों

- फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों
- बोलिविया के उपराष्ट्रपति एडमंड लारा मोंटानो
- गयाना के उपराष्ट्रपति भरत जगदेव
- इस्टोनिया के राष्ट्रपति अलार कारिस
- श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके
- सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक

### बुधवार


सांचेज


टोबगे

- स्पेन के राष्ट्रपति पेद्रो सांचेज
- सेशेल्स के उपराष्ट्रपति सबेस्टियन पिल्लई
- क्रोएशिया के पीएम एंद्रेज प्लेनकोविच
- स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी
- UAE के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद
- भूटान के पीएम शेरिंग टोबगे
- क्रोएशिया के पीएम एंद्रेज प्लेनकोविच
- कजाखस्तान के पीएम ओल्जास बेकतेनोव
- लिकटेंस्टीन के युवराज एलोइस
- मॉरीशस के पीएम डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम
- स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी
- ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा।

## AI समिट लाइव

### इंडिया समिट AI का महाकुंभ शुरू: जितिन प्रसाद



केंद्रीय वाणिज्य एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने समिट को AI का महाकुंभ बताया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का बड़ा स्तर और भारी भागीदारी भारत की डिजिटल यात्रा के लिए एक ऐतिहासिक पल है। समिट में उन्होंने इनोवेटर्स और उद्यमियों से अपील की कि वे AI को अपनाएं और इसके जरिए नए समाधान तैयार करें, जो भारत को वैश्विक नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ाएं।

### मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा- ठोस नीति की जरूरत




मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा है कि भारत मे AI के लिए स्पष्ट प्रतिबद्धता और ठोस नीति की जरूरत है। AI इंपैक्ट समिट मे वर्चुअल जुड़े नागेश्वरन ने कहा कि तकनीक अपनाने को बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन के साथ जोड़ना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि AI अपनाना केवल सरकार का काम नही, बल्कि निजी क्षेत्र, शिक्षाविदो के संयुक्त 'टीम इंडिया' प्रयास से ही संभव होगा।

### माइक्रोसॉफ्ट इंडिया हेड ने कहा, तेजी से बढ़ रहा AI



माइक्रोसॉफ्ट इंडिया और दक्षिण एशिया के प्रेजिडेंट पुनीत चंदोक ने कहा कि AI मॉडल बहुत तेजी से बेहतर हो रहे हैं और अगले 3 साल मे इस क्षेत्र में बहुत बड़ी बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। समिट मे पुनीत चंदोक ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में AI ने जिस रफ्तार से प्रगति की है, उससे साफ है कि यह तकनीक तेजी से बदल रही है। उन्होंने बताया कि आज के AI मॉडल बेहद उन्नत हैं।

### वैश्विक सहयोग को दे रहे नई दिशा: ब्रिटिश डिप्टी पीएम



ब्रिटेन के डिप्टी पीएम डेविड लैमी ने कहा कि यह समिट AI के क्षेत्र मे वैश्विक सहयोग को नई दिशा देने वाला मंच बनकर उभर रहा है। लैमी ने इसे ऐसा महत्वपूर्ण क्षण बताया है, जहां अंतरराष्ट्रीय साझेदारी के जरिए AI की पूरी क्षमता को सुरक्षित और जिम्मेदार तरीके से उपयोग में लाने पर सहमति बनेगी। ब्रिटेन का प्रतिनिधिमंडल AI मंत्री कनिष्क नारायण के नेतृत्व में भारत आया है।

### आपदा प्रबंधन में भारत के AI प्रयास को सराहा



संयुक्त राष्ट्र के आपदा जोखिम से जुड़े ऑफिस (UNDRR) के अधिकारी सुजीत मोहंती ने कहा है कि आपदाओं से निपटने मे AI बहुत मददगार हो सकता है, लेकिन इसके सही उपयोग के लिए साफ कानूनी और नीतिगत नियम जरूरी हैं। AI की मदद से बाढ़, चक्रवात और अन्य आपदाओं का पहले से अनुमान लगाया जा सकता है। भारत इस क्षेत्र में अच्छा काम कर रहा है।

### AI के लिए रेगुलेटरी सैंडबॉक्स की बताई जरूरत



भारत में नई तकनीकों, खासकर AI के क्षेत्र मे सुरक्षित और संतुलित इनोवेशन के लिए रेगुलेटरी सैंडबॉक्स जरूरी है। ये बात इंटरनैशनल फाइनैंशल सर्विसेज सेंटर्स अथॉरिटी (IFSCA) के चीफ टेक्नॉलजी ऑफिसर जोसेफ जोशी ने सोमवार को कही। सैंडबॉक्स होने से इनोवेशन को सुरक्षित दायरे में बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि कुछ AI मॉडल जोखिम पैदा कर सकते हैं, इसलिए जरूरी है कि उन पर निगरानी रखी जाए।

## 60 देशों के 4650 प्रोजेक्ट्स में से 3 कैटिगरी के आधार पर एक्सपर्ट ने सिलेक्ट किए AI मॉडल


# जरूर देखें ये टॉप 70 AI प्रोजेक्ट्स

**इंडिया AI इंपैक्ट समिट में आज जाने का प्लान बना रहे हैं तो टॉप 70 AI प्रोजेक्ट्स के बारे में जरूर जानें। समिट में इस बार 60 से ज्यादा देशों से 4650 से ज्यादा AI प्रोजेक्ट्स के आवेदन मिले थे। इनमें से एक्सपर्ट ने AI फॉर ऑल, विमिन लीडरशिप और यूथ यानी YuvAI कैटिगरी में 70 प्रोजेक्ट्स चुने हैं। ये प्रोजेक्ट हेल्थ, एग्रीकल्चर, क्लाइमेट, एजुकेशन जैसे क्षेत्रों में AI सॉल्यूशंस लेकर आए हैं। भारत मंडपम और सुषमा स्वराज भवन में मंगलवार को ग्रैंड फिनाले होगा।**

### AI फॉर ऑल

*इस कैटिगरी में 1350 से ज्यादा एंट्रीज आईं, जिनमें से 20 को चुना गया। ये प्रोजेक्ट्स हेल्थकेयर, एग्रीकल्चर, क्लाइमेट, गवर्नेंस, एजुकेशन और हर तबके तक वित्तीय सेवाएं पहुंचाने पर फोकस्ड हैं।*

1. **AOne (भारत):** फैक्ट्रियों में मशीनों का काम और बिजली की खपत कम करने वाला AI प्लैटफॉर्म है।
2. **BeCrop (अमेरिका):** AI की मदद से मिट्टी की सेहत जांचने वाला प्लैटफॉर्म है।
3. **BiTTE (जापान):** मोबाइल फोन से किसी तरह के वायरस या गड़बड़ी को पकड़ने वाला AI टूल है।
4. **CoRE Stack (भारत):** यह सैटलाइट और जमीन से मिले डेटा के आधार पर जमीन और पानी के बेहतर इस्तेमाल में मदद करने वाला प्लैटफॉर्म है।
5. **CropScan (केन्या):** हाथ से ऑपरेट होने वाली डिवाइस के साथ इंटीग्रेट करके फसल और पोषक तत्वों की जांच की जाती है।
6. **Elementech (भारत):** यह AI टूल बताता है कि मार्केट में बिजली की डिमांड कितनी है। इससे खपत का पहले से ही अंदाजा लग जाता है।
7. **EQUITWIN (कैमरून):** यह मरीज की डिजिटल कॉपी बनाता है। इससे इलाज सटीक होने का दावा किया जा रहा है।
8. **Forus Health (भारत):** यह मेडिकल स्कैन पढ़ने वाला AI टूल है। डायबिटिक रेटिनोपैथी, ग्लूकोमा और मोतियाबिंद का पता लगाता है।
9. **Helios 2.0 (भारत):** बच्चों और दिव्यांगों की पढ़ाई को आसान बनाने के लिए इस टूल को बनाया गया है।
10. **Infiheal Healthtech (भारत):** अलग-अलग भाषाओं में मानसिक स्वास्थ्य सलाह देने वाला यह AI प्लैटफॉर्म है।
11. **Intello Labs (भारत):** फसल की गुणवत्ता जांचकर उसे बाजार से जोड़ने वाला सिस्टम है।
12. **Kidaura (भारत):** ऑटिज्म और बच्चों के विकास में देरी की जल्दी पहचान करने वाला टूल है।
13. **MadhuNetrAI (भारत):** डायबिटीज से जुड़ी आंखों की बीमारी की जांच वाला AI सिस्टम है।
14. **Helium Health (नाइजीरिया):** डॉक्टरों की मदद करने वाला AI असिस्टेंट है।
15. **Percept CTEM (भारत):** साइबर हमलों पर नजर रखने और सुरक्षा बढ़ाने वाला प्लैटफॉर्म है।
16. **Resilience360 (भारत):** मौसम से जुड़े खतरों का अंदाजा लगाने वाला सिस्टम।
17. **SatSource (भारत):** सैटलाइट से खेती के जोखिम का आकलन करने वाला AI प्लैटफॉर्म है।
18. **Torchit (भारत):** दिव्यांगों के लिए आसान पढ़ाई के लिए AI कंटेंट देने वाला प्लैटफॉर्म है।
19. **Vajra Global (भारत):** सरकारी डेटा को आसान और समझने लायक बनाने वाला AI सिस्टम है।
20. **Wysa (भारत):** चैट के जरिए मानसिक स्वास्थ्य सलाह देने वाला AI ऐप है।






### YuvAi : यूथ लीडर्स

*YUVAi में कैटिगरी में 13-21 साल के युवा लीडर्स ने आवेदन किया। 38 देशों से 2,500 से ज्यादा एंट्रीज मिली थीं। इनमें से टॉप 20 प्रोजेक्ट को सिलेक्ट किया गया, जो पब्लिक हेल्थ, एग्रीकल्चर, मोबिलिटी पर हैं।*

1. **MalariaX (थाइलैंड):** मलेरिया की जल्दी पहचान करने वाला AI सिस्टम है।
2. **Paraspeak (भारत):** बोलने में दिक्कत को साफ आवाज में बदलने वाला डिवाइस है।
3. **Arogya AI (भारत):** डॉक्टरों को बीमारी समझने में मदद करने वाला AI मॉडल है।
4. **CytoScanZ (थाइलैंड):** सर्वाइकल कैंसर की जांच करने वाला AI प्लैटफॉर्म है।
5. **SafePath AI (भारत):** दुर्घटना से बचाने वाला सिस्टम है।
6. **AgriTech Pro (भारत):** फसल की निगरानी और उत्पादन बढ़ाने वाला AI प्लैटफॉर्म है।
7. **KedovoAI (भारत):** NCERT की पढ़ाई को इंटरैक्टिव बनाने वाला AI सिस्टम है।
8. **MooApps (इंडोनेशिया):** पशुपालन को बेहतर बनाने वाला AI सिस्टम है।
9. **WildTrack 360 (भारत):** वन्यजीव और गांवों की सुरक्षा के लिए AI प्लैटफॉर्म है।
10. **AgniSena (भारत):** जंगल में आग लगने की पहले चेतावनी देने वाला सिस्टम है।
11. **WAYV (भारत):** ब्रेल सीखने के लिए खास AI ग्लव्स है।
12. **Circadian AI (अमेरिका):** मोबाइल से दिल की गड़बड़ी पहचानने वाला टूल है।
13. **MediCare (भारत):** गांवों में ऑनलाइन इलाज की सुविधा देने वाला प्लैटफॉर्म है।
14. **TrustTrace (भारत):** डीपफेक पहचानने वाला AI सिस्टम।
15. **Flood Warning System (भारत):** बाढ़ की पहले चेतावनी देने वाला सिस्टम है।
16. **Thirdeye (भारत):** रास्ता दिखाने वाला AI सिस्टम है।
17. **Dysarthric Speech Analysis (भारत):** बोलने की समस्या पहचानने वाला AI टूल है।
18. **INDEX (थाइलैंड):** दिमाग से जुड़ी बीमारियों की जांच में मदद करने वाला सिस्टम है।
19. **Deep Learning for Sustainable Tourism in Bishnupur (भारत):** पर्यटन और ऐतिहासिक जगहों की पहचान करने वाला AI प्लैटफॉर्म है।
20. **Z-TRACS (भारत):** शहर में ट्रैफिक को बेहतर तरीके से संभालने वाला AI सिस्टम है।

### विमिन लीडरशिप

*महिला लीडरशिप वाले इनोवेटर्स के लिए 50 से ज्यादा देशों से 800 से ज्यादा एंट्रीज आईं। इनमें से टॉप 30 को चुना गया। हेल्थ, सस्टेनेबिलिटी, फाइनैंशल इनक्लूजन पर ये प्रोजेक्ट फोकस्ड हैं। इनसे कैंसर स्क्रीनिंग, न्यूट्रिशन, क्रेडिट सिस्टम्स जैसी समाधान मिला।*

1. **Zeko:** कंपनियों को सही कर्मचारी चुनने में मदद करने वाला AI प्लैटफॉर्म है।
2. **Magicroll:** अपने आप विडियो बनाकर देने वाला AI टूल है।
3. **Vinoba:** बच्चों की पढ़ाई और गिनती सुधारने वाला AI प्लेटफॉर्म है।
4. **SODIET:** सेहत और सही पोषण की सलाह देने वाला AI सिस्टम है।
5. **Smart Scope:** सर्वाइकल कैंसर की जांच करने वाली पोर्टेबल मशीन है।
6. **Shabd:** 22 भारतीय भाषाओं में कंटेंट तैयार और अनुवाद करने वाला प्लैटफॉर्म है।
7. **Gooey:** बिना ज्यादा कोडिंग के AI ऐप बनाने वाला प्लैटफॉर्म है।
8. **Happykids:** बच्चों की भावनात्मक सेहत पर नजर रखने वाला सिस्टम है।
9. **Volar Alta:** ड्रोन से फैक्ट्री और साइट की जांच करने वाला AI प्लैटफॉर्म है।
10. **Aezo:** छोटे कारोबारियों को ऑनलाइन लाने में मदद करने वाला ऐप है।
11. **Ayu 2.0:** डॉक्टरों को इलाज का सुझाव देने वाला AI सिस्टम है।
12. **Neura:** शरीर की मूवमेंट जांचकर इलाज में मदद करने वाला प्लैटफॉर्म है।
13. **Remidio Medios:** मोबाइल से आंखों की जांच करने वाला AI सिस्टम है।
14. **Lightbees AbleCredit:** क्रेडिट क्षमता का आकलन करने वाला AI।
15. **nVIBES:** दांतों के इलाज के दौरान शोर कम करने वाला सिस्टम।
16. **EZSpeech:** बोलने में दिक्कत वाले लोगों के लिए स्पीच थेरपी ऐप है।
17. **Project RISE:** बच्चों की सुरक्षा पर नजर रखने वाला AI सिस्टम है।
18. **FarmerLifeline:** किसानों को कीट और मौसम की जानकारी देने वाला सोलर AI सिस्टम है।
19. **SuperHuman Race:** प्रदूषण का हिसाब रखने वाला प्लैटफॉर्म है।
20. **Prosical:** पढ़ने की क्षमता जांचने वाला AI टूल है।
21. **WordWorks:** अलग-अलग प्लैटफॉर्म पर बातचीत करने वाला AI चैट सिस्टम है।
22. **Sustaining.AI:** कंपनियों के पर्यावरण संबंधी आंकड़ों का आकलन करने वाला प्लैटफॉर्म है।
23. **Talenti:** करियर और मेंटरिंग के लिए AI आधारित प्लैटफॉर्म है।
24. **Top Parent:** छोटे बच्चों की पढ़ाई के लिए स्थानीय भाषा वाला AI ऐप है।
25. **MevnAI:** अलग-अलग भाषाओं में स्किल आधारित पढ़ाई कराने वाला प्लैटफॉर्म है। छात्रों की क्रिएटिविटी में मददगार।
26. **fieldWISE AI:** खेती और सरकारी योजनाओं पर डेटा विश्लेषण करने वाला प्लैटफॉर्म है।
27. **Ashwin AI:** बोलकर मरीज की रिपोर्ट तैयार करने वाला हेल्थ सिस्टम है।
28. **Sivi AI:** डिजाइन और पोस्टर अपने आप बनाने वाला AI टूल है।
29. **Kandid AI:** ऑनलाइन बिक्री बढ़ाने में मदद करने वाला AI सिस्टम है।
30. **Data Pigeon:** ईवी चार्जिंग स्टेशनों के मेटिंनेंस और खराबी पहले से बताने वाला प्लैटफॉर्म है।



## सेना दिखा रही है दोहरे इस्तेमाल वाली AI तकनीक

**नई दिल्ली: भारतीय सेना तेजी से खुद को डेटा-आधारित और AI-सक्षम फोर्स में बदल रही है। AI Summit में सेना स्वदेशी AI एप्लिकेशंस पेश कर रही है, जिनमें शिक्षा, आपदा प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, ट्रांसपोर्ट सेफ्टी और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की सुरक्षा जैसी क्षमता है। AI समिट में आर्मी इनका प्रदर्शन कर रही है। ये आर्मी ने इनहाउस डिवेलप की हैं। इनका मिलिट्री और सिविल यानी ड्युअल यूज किया जा सकता है।**

- **Vehicle Tracking System:** यह एक AI आधारित फ्लीट मॉनिटरिंग सिस्टम है, जो GPS टेलीमेट्री, डेटा एनालिटिक्स और रियल-टाइम डैशबोर्ड को जोड़कर काम करता है। यह काफिले (कॉन्वॉय) की निगरानी, लॉजिस्टिक्स की बेहतर जानकारी और रास्तों को बेहतर तरीके से तय करने में मदद करता है।
- **Deepfake Video Detection System:** यह एक AI आधारित प्रणाली है, जो चेहरे और सिग्नल पैटर्न के विश्लेषण की मदद से नकली या छेड़छाड़ किए गए वीडियो की पहचान करती है। इसका मकसद भ्रामक जानकारी, झूठे प्रचार जैसी चुनौतियों से निपटना है।



- **Proactive Mobile Security System:** यह एक AI आधारित मोबाइल प्रोटेक्शन सल्यूशन है, जो असामान्य गतिविधियों, मैलवेयर के खतरों और संदिग्ध डेटा ट्रांसमिशन पैटर्न की पहचान करता है।
- **XFace (AI Facial Recognition System):** यह एक AI आधारित पहचान और सत्यापन प्रणाली है, जो तस्वीरों और वीडियो के जरिए तेजी से पहचान की पुष्टि करती है। यह ठिकानों की सुरक्षा, निगरानी करता है।
- **Driver Fatigue Detection:** यह एक पोर्टेबल AI डिवाइस है, जो ड्राइवर की थकान या नींद आने की स्थिति को रियल-टाइम मे पहचानकर तुरंत अलर्ट देता है। लंबी ड्राइविंग की परिस्थितियों में भी भरोसेमंद है।
- **AI-in-a-Box:** यह एक छोटा, आसानी से तैनात किया जा सकने वाला हाई-कंप्यूट प्लेटफॉर्म है, जो सुरक्षित या बिना इंटरनेट वाले वातावरण मे भी लोकल स्तर पर AI मॉडल चला सकता है। यह दूरदराज या संवेदनशील ऑपरेशनल क्षेत्रों मे AI के उपयोग को संभव बनाता है।
- **SAM-UN (सिचुएशनल अवेयरनेस मॉड्यूल फॉर यूएन):** ये एक वेब-आधारित प्लेटफॉर्म है, जो जियोस्पेशियल इंटेलिजेंस, स्ट्रक्चर्ड रिपोर्टिंग और AI एनालिटिक्स को एक साथ जोड़ता है। इससे मिशन की योजना बनाने, निगरानी, समन्वय और तेज प्रतिक्रिया के लिए रियल-टाइम में जानकारी मिलती है।
- **PRAKSHEPAN:** ये AI आधारित सैन्य जलवायु और आपदा पूर्वानुमान प्रणाली है। ये भूस्खलन, बाढ़ और हिमस्खलन जैसी आपदाओं का 3 से 7 दिन पहले तक पूर्वानुमान कर सकती है। यह संवेदनशील ऑपरेशनल क्षेत्रों के लिए सटीक है।

### AI सहयोग बढ़ाने पर गेट्स से चर्चा



माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स सोमवार को आंध्र प्रदेश पहुंचे और मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के साथ स्वास्थ्य और AI के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने सोमवार को कहा कि गेट्स फाउंडेशन के साथ साझेदारी से राज्य के विकास में महत्वपूर्ण बदलाव आएगा। गेट्स और नायडू ने बाद में कृष्णा नदी के किनारे बसे गांव में भी पहुंचे। (PTI)

## जागरूक खबरें

### जिला स्तरीय जनसुनवाई स्थगित

**बालोतरा @ जागरूक जनता।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार बालोतरा जिले में गुरुवार, 19 फरवरी को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई को स्थगित किया गया है। अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने बताया कि वर्तमान में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में निर्वाचन नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य प्रगति पर है। उक्त कार्य में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की व्यस्तता को देखते हुए गुरुवार, 19 फरवरी को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई स्थगित की गई है।

### जेके सीमेंट ने करवाई ट्रक ड्राइवर की आंखों की जांच

**निम्बाहेड़ा @ जागरूक जनता।** जे.के. सीमेंट वर्क्स निंबाहेडा द्वारा अपने सामाजिक सरोकार के तहत जे. के. सीमेंट में आने वाले ट्रक ड्राइवर एवं उनके सहायकों की आंखों की जांच का एक दिवसीय कैंप का शुभारंभ यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल एवं एच. आर हेड प्रभाकर मिश्रा ने फीता काटकर किया। उन्नति संस्थान उदयपुर के सहयोग से आयोजित इस कैंप में 100 से अधिक ट्रक ड्राइवर की आंखों की जांच की गई और उन्हें दवाइयां तथा एवं निशुल्क चश्मे वितरित किया गए। कार्यक्रम का संचालन सी. एस. आर मैनेजर राहुल सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर संजय जैन लॉजिस्टिक्स हेड, डॉ. संतोष चौधरी चीफ मेडिकल ऑफिसर, भुवनेश सिंह आई. आर हेड, गजराज सिंह राठौड़ ऑपरेशन हेड लॉजिस्टिक्स, श्याम शर्मा एच. आर ऑफिसर, आशीष ओझा, तेज सिंह राणावत बड़ी संख्या में ड्राइवर एवं उनके सहायक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### बाड़मेर डिपो को मिलेंगी 13 नई बसें, टेंडर जारी

**बाड़मेर @ जागरूक जनता।** बसों की कमी से जूझ रहे रोडवेज डिपो बाड़मेर को जल्द ही राहत मिलेगी। अनुबंध पर बसों के संचालन को लेकर रोडवेज मुख्यालय जयपुर के टेंडर जारी करने पर जल्द ही 13 नई बसें डिपो में शामिल होंगी। बता दें कि दो बसों के टेंडर स्वीकृत होने पर इनका संचालन शीघ्र ही शुरू किया जाएगा। इससे बाड़मेर और अन्य जिलों के लोगों को सुविधा मिलेगी।

ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता, शपथ एवं सफाई गतिविधियों के साथ हुआ शुभारंभ

# प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान शुरू

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**बालोतरा।** पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज जिले में 'प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान' का विधिवत शुभारंभ किया गया। अभियान के अंतर्गत विभिन्न हितधारकों ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, महिला समूहों, स्वयंसेवी संगठनों, युवाओं एवं ग्रामीणों की सहभागिता से व्यापक जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं।

अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी हीराराम कलबी ने बताया कि चौपाल स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में प्लास्टिक कचरे के बढ़ते दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेषज्ञों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बताया कि एकल उपयोग प्लास्टिक न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि मानव एवं पशुओं के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती है। जल स्रोतों में प्लास्टिक के पहुंचने से जल प्रदूषण बढ़ता है और मिट्टी की उर्वरता भी प्रभावित होती है। कार्यक्रम में बताया गया कि प्लास्टिक कचरे को उपयोगी घरेलू वस्तुओं या कलात्मक उत्पादों में कैसे परिवर्तित किया जा सकता है। स्वयं सहायता समूहों एवं ग्रामीण महिलाओं को प्लास्टिक अपशिष्ट से सजावटी सामग्री, उपयोगी डिब्बे, टोकरी एवं अन्य घरेलू वस्तुएं तैयार करने के नवाचारों की जानकारी दी गई। इससे न केवल कचरे का प्रभावी प्रबंधन होगा, बल्कि स्वरोजगार के अवसर भी सृजित हो सकेंगे।

अभियान के तहत विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं को प्लास्टिक कचरे के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि प्लास्टिक जलाने से निकलने वाला धुआं स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है और लंबे समय में गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। महिलाओं से अपील की गई कि वे अपने परिवार और समुदाय में प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए प्रेरित करें। ग्रामीणों को कपड़े के थैले, जूट बैग, मिट्टी एवं धातु के बर्तनों जैसे पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। बाजार से खरीदारी के दौरान प्लास्टिक पैकेजिंग से बचने और पुनरू उपयोग योग्य सामग्री अपनाने का संदेश दिया गया। उपस्थित ग्रामीणों को एकल उपयोग प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की शपथ दिलाई गई। इसके पश्चात आसपास के रास्तों एवं सार्वजनिक स्थलों से प्लास्टिक कचरा एकत्रित कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। युवाओं एवं स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए गांव को स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प लिया।उन्होने कहा कि प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान को जनआंदोलन का रूप देने के लिए सामुदायिक सहभागिता आवश्यक है।

## जेके सीमेंट वर्क्स द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न सामग्री वितरित



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**निंबाहेड़ा।** जे.के. सीमेंट वर्क्स निंबाहेडा द्वारा अपने सामाजिक सरोकार के तहत यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल एवं एच आर हेड प्रभाकर मिश्रा के निर्देशन में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी में अध्यनरत बालक बालिकाओं को शाहाबाद, टीलाखेड़ा एवं करथाना के सरकारी स्कूल के छात्रों को स्कूल बैग, जूते, स्वेटर, टोपी और मोजे वितरित किए। इस पहल का उद्देश्य वंचित पृष्ठभूमि के छात्रों की सहायता करना और उन्हें शिक्षा और नियमित विद्यालय उपस्थिति के लिए प्रोत्साहित करना था। बालक बालिकाओं को राजेश सोनी टेक्निकल हेड, प्रभाकर मिश्रा एच.आर.हेड, पूर्व प्रधान अशोक जाट एवं सीबीईओ अरविंद मुंदडा ने उक्त सामग्री प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन सीएसआर मैनेजर राहुल सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे।

## सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल पहुँचे जैसलमेर नहरी क्षेत्र के जीरो आरडी पर किसानों के धरनास्थल

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**रावतसर।** सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल इंदिरा गांधी नहर परियोजना के अंतिम छोर, जैसलमेर जिले के जीरो आरडी पर सिंचाई पानी की भारी किल्लत को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे किसानों से मिले। इस दौरान उन्होंने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए विस्तार से संवाद किया।

सांसद बेनीवाल ने कहा कि पिछले एक माह से किसान अपने हिस्से के पर्याप्त एवं नियमित सिंचाई पानी की आपूर्ति की मांग को लेकर ज्ञापन सौंप रहे हैं और शांतिपूर्ण धरना दे रहे हैं, किन्तु सरकार एवं संबंधित विभाग द्वारा किसानों की समस्याओं की लगातार अनदेखी अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। धरनास्थल पर ही सांसद ने सिंचाई विभाग एवं इंदिरा गांधी नहर परियोजना के उच्च अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर आगामी दो दिनों में किसानों को उनके हिस्से का पर्याप्त एवं नियमित पानी उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। साथ ही, समाधान नहीं होने की स्थिति में किसानों द्वारा प्रस्तावित बड़े आंदोलन एवं महापड़ाव की चेतावनी से भी अधिकारियों को अवगत कराया। इसके अतिरिक्त सांसद बेनीवाल ने संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार से दूरभाष पर चर्चा कर समस्या के स्थायी समाधान हेतु किसान प्रतिनिधिमंडल एवं विभागीय अधिकारियों के बीच 18 फरवरी 2026 को जयपुर में बैठक प्रस्तावित की। सांसद ने कहा कि सिंचाई पानी की कमी के कारण किसानों की फसल खराबा नहीं होने दी जाएगी तथा वे स्वयं इस वार्ता में उपस्थित रहेंगे। इस दौरान धरनास्थल पर जैसलमेर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमरदीन फकीर, किसान नेता साहबान खान, अचलाराम पाबडा, मकले खान, जिला परिषद सदस्य प्रेम डूंगर सिंह, बाबुलाल गोदारा सहित अनेक किसान प्रतिनिधि एवं किसान मौजूद रहे।

## भारत की पहली ट्रिपल-प्रोटेक्शन वॉल पुट्टी, न्युवोको ज़ीरो एम ट्रिपल शील्ड पुट्टी लॉन्च

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत की भरोसेमंद बिल्डिंग मटीरियल कंपनी और कैपेसिटी के मामले में पांचवीं सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी, ने न्युवोको ज़ीरो एम ट्रिपल शील्ड पुट्टी लॉन्च की है। यह एक प्रीमियम व्हाइट सीमेंट-बेस्ड वॉल केयर सॉल्यूशन है जिसे एक ही सॉल्यूशन में एंटी-माइक्रोबियल, वॉटरप्रूफिंग और एंटी-एफ्लोरेसेंस परफॉर्मेंस के तीन बेहतरीन फायदे देने के लिए डिजाइन किया गया है।

सिल्वर आयन टेक्नोलॉजी से बना यह प्रोडक्ट बैक्टीरिया, फंगस और एल्गी को बढ़ने से रोककर शील्डेड प्रोटेक्शन देता है। इसके अलावा, जर्मन एक्टिव साइलेन्स-सिलोक्सेन के साथ इसका एडवांस्ड हाइड्रोफोबिक पॉलीमर फॉर्मूलेशन नमी और दरारों के लिए मजबूत प्रतिरोध देता है, साथ ही अपनी एंटी-एफ्लोरेसेंस प्रॉपर्टीज के जरिए व्हाइट सॉल्ट के जमाव को रोकता है, जिससे मुश्किल हालात में भी दीवार की लंबे समय तक चलने वाली सुरक्षा पक्की होती है।

न्युवोको ज़ीरो एम ट्रिपल शील्ड पुट्टी अंदर और बाहर दोनों तरह के इस्तेमाल के लिए सही है, यह सीमेंट-बेस्ड प्लास्टर, कंक्रीट और मोर्टार सतहों पर बहुत अच्छी पकड़ देता है। यह दीवारों की फिनिशिंग को बेहतर बनाता है और टिकाऊ, लंबे समय तक चलने वाली सुरक्षा देता है। इसके अलावा, यह प्रोडक्ट इको-फ्रेंडली, लो-वीओसी मटीरियल का इस्तेमाल करके बनाया गया है, जो न्युवोको के सस्टेनेबल और हाई-परफॉर्मेंस होम प्रोटेक्शन सॉल्यूशन के समर्पण को और पक्का करता है। चिराग शाह, हेड-मार्केटिंग, इनोवेशन और सेल्स एक्सीलेंस, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने जोर देकर कहा कि "न्युवोको में, हम लगातार ऐसे इनोवेटिव और सस्टेनेबल सॉल्यूशन देने के लिए समर्पित हैं जो घर की देखभाल को बेहतर बनाते हैं और रोजमर्रा की जिंदगी को बेहतर बनाते हैं। न्युवोको ज़ीरो एम ट्रिपल शील्ड पुट्टी के साथ, हम एक एडवांस्ड थ्री-लेयर प्रोटेक्शन सिस्टम ला रहे हैं जो दीवारों को लंबे समय तक चलने वाला, हेल्दी और बेहतर सुरक्षा देता है। यह प्रोडक्ट आज के ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है जो अपने रहने की जगहों में बेहतर परफॉर्मेंस और बेहतर एस्थेटिक्स दोनों चाहते हैं। यह लॉन्च हमारे ग्राहक-केन्द्रित सोच को दिखाता है और एक सुरक्षित, स्मार्ट और सस्टेनेबल दुनिया बनाने के हमारे विजन को और पक्का करता है। यह प्रोडक्ट पंजाब, दिल्ली, एनसीआर, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र में लॉन्च किया जा रहा है। ग्राहक इन क्षेत्रों में अधिकृत न्युवोको डीलर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स और बड़े रिटेल आउटलेट्स से न्युवोको ज़ीरो एम ट्रिपल शील्ड पुट्टी खरीद सकते हैं।

बस बॉडी कोड के नवीन नियमों से परेशान करने का आरोप

## निजी, पर्यटक बस संचालकों ने कलक्टर को सौंपा ज्ञापन



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** सरकार के नवीन नियमों बस बॉडी कोड 152, 119 एवं 153 को लेकर परिवहन विभाग द्वारा अनावश्यक परेशान करने का आरोप लगाने सहित अपनी विभिन्न समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग को लेकर चित्तौड़गढ़ प्राईवेट बस एसोसिएशन के तत्वावधान में निजी एवं पर्यटक बस संचालकों ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। दिये ज्ञापन में बताया कि बस बॉडी कोड 152, 119, 153 के नवीन नियमों की आड़ में परिवहन विभाग द्वारा अनावश्यक परेशान किया जा रहा है। 1 सितम्बर 2025 से लागू इन नियमों को विभाग द्वारा पूर्व प्रभाव से लागू मान कर एक से डेढ़ लाख के भारी भरकम चालान किये जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त बसों को जब्त किया जा रहा है। एसोसिएशन द्वारा वर्ष मोटर व्हीकल एक्ट 1998 के स्पष्ट प्रावधानानुसार वाहन के पास वैध दस्तावेज होने पर उसे जब्त नहीं करने, डीटीओ कार्यालय में सभी प्रकार के वाहनों की फिटनेस प्रक्रिया सुचारू रूप से प्रारंभ करने, आरसी अस्थायी रूप से सरंडर होने की 6 माह की शर्त हटाने, आर्थिक हालात खराब वाहन मालिक को स्वेच्छा से सरेंडर करने, न्यायालय की भावना अनुरूप अधिकारियों की नियुक्ति करने, पूर्व में निर्मित बसों का पंजीयन पूर्व नियमों द्वारा करने, बस बॉडी कोड को 1 अप्रेल 2026 से प्रभावी किये जाने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं होने पर बस ऑपरेटर द्वारा चक्का जाम, हड़ताल की जाएगी।

फाल्गुनी लक्खी मेला 2026 को लेकर प्रशासन सतर्क

## एसपी व एसडीएम ने खाटूश्यामजी में व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**खाटूश्यामजी।** बाबा श्याम की धार्मिक नगरी में बाबा श्याम का वार्षिक मेला 21से 28 फरवरी तक आयोजित आठ दिवसीय वार्षिक फाल्गुनी लक्खी मेला की तैयारियों को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नूनावत एवं एसडीएम मोनिका ने मेला क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण में अधिकारियों ने बाबा श्याम के दर्शन मार्ग, 75 फीट की बनी 14 कतारों, मंदिर परिसर तथा दर्शन के बाद श्रद्धालुओं की निकासी व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम दर्शन को ध्यान में रखते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। साथ ही एसपी प्रवीण नायक नूनावत ने पत्रकार वार्ता में कहां कि सम्पूर्ण मेला क्षेत्र 22 सैक्टरों में विभाजित किया गया है जिसमें करीब 6500 पुलिस कर्मियों का जाब्ता तैनात किया जाएगा। सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में 400 सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन से निगरानी रखी जाएगी। इस अवसर पर श्री श्याम मंदिर कमेटी के मंत्री मानवेंद्र सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष रवि सिंह चौहान एवं पूर्व अध्यक्ष मोहनदास सिंह महाराज ने सम्पूर्ण मेला व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए सभी तैयारियों से अवगत कराया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एएसपी दीपक गर्ग, डीवाईएसपी राव आनंद कुमार, डीएसटी प्रभारी कैलाश चंद्र यादव एवं थानाधिकारी पवन कुमार चौबे ने विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मेला अवधि में भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी एवं आपातकालीन सेवाओं को मजबूत किया जाएगा।

## खाटू श्याम पदयात्रियों की सुविधा को लेकर जिला कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**चौमूं।** जयपुर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी फाल्गुन माह में बाबा श्याम का लक्खी मेला 21 फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। विभिन्न समाजसेवी लोगों और संस्थाओं द्वारा भंडारा लगाकर पद यात्रियों की सेवा की जाती है, जो सराहनीय रहती है। मेले के दौरान पद यात्रियों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी को लेकर आज संस्कार सृजन संस्था चौमूं के कार्यकारी अध्यक्ष और पशु क्रूरता निवारण समिति जयपुर के सदस्य शेर सिंह कुमावत के नेतृत्व में जिला कलेक्टर जयपुर के नाम ज्ञापन सौंपा। कार्यकारी अध्यक्ष शेर सिंह कुमावत ने बताया कि ज्ञापन में भंडारा आयोजकों द्वारा प्रचुर मात्रा में प्लास्टिक डिस्पोजल के उपयोग पर पाबंद करने, एनएच 52 पर पदयात्रियों के लिए बने क्षतिग्रस्त श्याम पथ को दुरुस्त करवाने, भंडारा आयोजकों को श्यामपथ की परिधि को छोड़कर ही टेंट लगाने की अनुमति देने, भंडारे के दौरान फैली गंदगी और कूड़े-कचरे के निस्तारण करने के लिए आयोजकों को पाबंद करने और श्याम पद यात्रियों के लिए चल शौचालय की व्यवस्था करवाने के लिए ज्ञापन सौंपा।


## घर मंगवाये जागरूक जनता

सदस्यता फार्म दिनांक ....................

जागरूक जनता हिन्दी अखबार एक उद्देश्य, एक मिशन, एक विश्वास के साथ आमजन की समस्याएं, वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, सांस्कृतिक गलियारा, भौगोलिक दृष्टिकोण को एक-दूसरे से साझा करने के लिए एक सेतु का काम कर रहा है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिकतम एवं तकनीकी जानकारी पहुंचाकर शहरी एवं ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित कर रहा है। जागरूक जनता समय-समय पर भिन्न-भिन्न विषयों के साथ- अपने पाठकों के बीच उपस्थित रहता है।

सदस्यता राशि

☐ एक वर्ष रु. 250/- ☐ दो वर्ष रु. 450/- ☐ तीन वर्ष रु. 600/- ☐ पांच वर्ष रु. 1000/-

डाक से नियमित रुप से निम्न पते पर जागरूक जनता भेजने के लिए डिमान्ड ड्राफ्ट/मनीऑर्डर जागरूक जनता के नाम भेज रहा हूं। फोन-पे, पेटीएम-9829329070

नाम / संस्था का नाम ........................................

पता : ........................................

........................................

फोन ........................ पिन कोड ☐☐☐☐☐☐

राशि (रुपए) ........................ बैंक का नाम ........................

डिमान्ड ड्राफ्ट / मनीऑर्डर क्रमांक ☐☐☐☐☐☐ (डीडी/एमओ जागरूक जनता के नाम भेजें)

• सदस्यता रजिस्ट्रेशन क्रं. ........................रसीद क्रं. ........................

दिनांक .................... हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे प्रसार प्रभारी →

जागरूक जनता
सकारात्मक हिन्दी अखबार
बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राज.) मो.- 9829329070, 9928022718


भामाशाह पवन चौखानी व एसपी नूनावत, मंदिर कमेटी के पूर्व अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने किया उद्घाटन

## खाटूश्याम जी मेले में नवनिर्मित पुलिस कंट्रोल रूम का हुआ शुभारंभ

### भामाशाह कुसुमलता ओमप्रकाश चौखानी द्वारा करवाया गया है पुलिस कंट्रोल रूम का निर्माण

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**खाटूश्यामजी।** कस्बे के पूलिस थाना परिसर में कुसुमलता ओमप्रकाश चौखानी द्वारा नवनिर्मित पुलिस कंट्रोल रूम का शुभारंभ भामाशाह ओमप्रकाश चोखानी के सुपुत्र पवन कुमार चौखानी व पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नुनावत, श्री श्याम मंदिर कमेटी के पूर्व अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने फीता काट कर व पट्टिका अनावरण करके किया। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी मोनिका सामोर, एडिशनल एसपी दीपक गर्ग, डीवाईएसपी राव आनन्द कुमार, नगरपालिका ईओ ओमप्रकाश चौधरी, थानाधिकारी पवन चौबे, सदर थाना अधिकारी अमित नागोरा, डीएसटी प्रभारी कैलाश यादव बतौर विशिष्ट अतिथि रहे। इस दौरान एसपी नूनावत ने कहा कि पुलिस थाने में चौखानी परिवार द्वारा कंट्रोल रूम का निर्माण करवाया गया है। यह कंट्रोल रूम बाबा श्याम के लक्खी फाल्गुन मेले में उपयोगी साबित होगा। भामाशाहों द्वारा ऐसे जनोपयोगी कार्यो से सभी को संबल मिलता है। पुलिस कंट्रोल रूम से स्थानीय पुलिस को मदद मिलेगी। कार्यक्रम में अतिथियों के स्वागत के साथ ही भामाशाह पवन कुमार चौखानी का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विष्णु जगरामका, राजकुमार माटोलिया, श्याम सुंदर पूनिया, गिरीराज माटोलिया, सोनू जोशी, हिंताशु भारद्वाज, चेतन शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे। इससे पूर्व पुलिस अधीक्षक नूनावत के पुलिस थाने पर पहुंचने पर जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

# होली पर्व पर यात्रियों की सुविधा हेतु 4 जोडी स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** रेलवे द्वारा होली पर्व पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु 04 जोडी स्पेशल रेलसेवाओं की संचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 04829, जोधपुर-गोरखपुर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 05, 12, 19 व 26 मार्च 2026 को (04 ट्रिप) जोधुपर से प्रत्येक गुरूवार को 16.15 बजे रवाना होकर शुक्रवार को 20.50 बजे गोरखपुर पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 04830, गोरखपुर-जोधपुर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 06, 13, 20 व 27 मार्च 2026 को (04 ट्रिप) गोरखपुर से प्रत्येक शुक्रवार को 23.25 बजे रवाना होकर रविवार को 03.00 बजे जोधपुर पहुँचेगी। यह रलसेवा मार्ग में मेडता रोड, डेगाना, छोटी खाटु, डीडवाना, लाडनूं, सुजानगढ, रतनगढ, चूरू, सादुलपुर, लोहारू, महेन्द्रगढ, रेवाडी, गुडगॉव, दिल्ली कैंट, दिल्ली, गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, अयोध्या कैंट, अयोध्याधाम, मनकापुर, बस्ती व खलीलाबाद स्टेशनों पर ठहराव करेगी।इस रेलसेवा में 02 सैकण्ड एसी, 04 थर्ड एसी, 08 द्वितीय शयनयान, 04 साधारण श्रेणी व 02 गार्ड डिब्बो सहित 20 डिब्बे होगे। गाडी संख्या 04731, श्रीगंगानगर-समस्तीपुर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 01.03.26 से 29.03.26 तक (05 ट्रिप) श्रीगंगानगर से प्रत्येक रविवार को 13.25 बजे रवाना होकर अगले दिन 23.30 बजे समस्तीपुर पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 04732, समस्तीपुर-श्रीगंगानगर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 3.03.26 से 31.03.26 तक (5 ट्रिप) समस्तीपुर से प्रत्येक मंगलवार को 1.00 बजे रवाना होकर अगले दिन 12.20 बजे श्रीगंगानगर पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में सादुलशहर, हनुमानगढ, संगरिया, मंडी डबवाली, रामां, सिरसा, मंडी आदमपुर, हिसार, हांसी, रोहतक, दिल्ली, गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर व मुजफ्फरपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी।इस रेलसेवा में 1 सैकण्ड एसी, 2 थर्ड एसी, 11 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बो सहित कुल 20 डिब्बे होगे। गाडी संख्या 04729, श्रीगंगानगर-गोरखपुर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 26.02.26 से 26.03.26 तक (5 ट्रिप) श्रीगंगानगर से प्रत्येक गुरूवार को 13.25 बजे रवाना होकर शुक्रवार को 16.30 बजे गोरखपुर पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 04730, गोरखपुर-श्रीगंगानगर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 27.2.26 से 27.3.26 तक (5 ट्रिप) गोरखपुर से प्रत्येक शुक्रवार को 19.30 बजे रवाना होकर रविवार को 2.45 बजे श्रीगंगानगर पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में सादुलशहर, हनुमानगढ, संगरिया, मंडी डबवाली, रामां, सिरसा, मंडी आदमपुर, हिसार, हांसी, रोहतक, दिल्ली, गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा, बलरामपुर, बढ़नी व सिद्धार्थनगर स्टेशनों पर ठहराव करेगी।इस रेलसेवा में 1 सैकण्ड एसी, 2 थर्ड एसी, 11 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बो सहित कुल 20 डिब्बे होंगे।

गाडी संख्या 09609, उदयपुर सिटी-योगनगरी ऋषिकेश साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 03.03.26 से 31.03.26 तक (05 ट्रिप) उदयपुर सिटी से प्रत्येक मंगलवार को 13.45 बजे रवाना होकर बुधवार को 10.15 बजे योगनगरी ऋषिकेश पहुॅचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09610, योगनगरी ऋषिकेश-उदयपुर सिटी साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 04.03.26 से 01.04.26 तक (05 ट्रिप) योगनगरी ऋषिकेश से प्रत्येक बुधवार को 17.55 बजे रवाना होकर गुरूवार को 15.30 बजे उदयपुर सिटी पहुॅचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में राणाप्रतापनगर, मावली, फतेहनगर, चित्तौडगढ, भीलवाडा, मांडल, विजयनगर, नसीराबाद, अजमेर, किशनगढ, फुलेरा, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, दौसा, बांदीकुई, राजगढ, अलवर, रेवाडी, गुडगॉव, दिल्ली कैंट, दिल्ली, शामली, रामपुर मनिहारान, टपरी जं., रूडकी व हरिद्वार स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 01 सैकण्ड एसी, 03 थर्ड एसी, 01 थर्ड एसी इकोनोमी, 05 द्वितीय शयनयान, 04 साधारण श्रेणी, 01 पॉवरकार व 01 गार्ड डिब्बो सहित कुल 16 डिब्बे होगे।

## AI समिट में पीएम मोदी ने बताया 2047 का विजन, कहा...


# 'भारत दुनिया के टॉप तीन एआई सुपरपावर में होगा शामिल'

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** India AI Impact Summit में पीएम मोदी ने भारत को दुनिया के तीन ग्लोबल एआई सुपरपावर में शामिल बताया है और 2047 के विजन की बात की है। नई दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहे,ढ्ढ इम्पैक्ट समिट में दुनियाभर के टेक लीडर्स शामिल हो रहे हैं। पीएम मोदी ने 16 फरवरी 2026 को इस समिट का उद्घाटन किया है। यह समिट 20 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें एआई के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव को लेकर चर्चा की जाएगी। साथ ही, इसमें कई स्टार्ट अप ने अपने एआई प्रोडक्ट्स की प्रदर्शनी भी लगाई है।

### सिविलाइजेशनल बदलाव के पॉइंट पर

पीएम मोदी ने कहा कि आज, AI एक सिविलाइजेशनल बदलाव के पॉइंट पर है। यह इंसानी काबिलियत को ऐसे तरीकों से बढ़ा सकता है जो पहले कभी नहीं हुए, लेकिन अगर इसे बिना गाइडेंस के छोड़ दिया जाए तो यह मौजूदा सोशल बुनियाद को भी टेस्ट कर सकता है। पीएम ने कहा कि हमने इसलिए इस समिट का आयोजन किया है ताकि इसके अर्थपूर्ण और सकारात्मक पहलुओं पर बात की जाए। भारत के सिविलाइजेशन से हमें सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की प्रेरणा मिलती है। टेक्नोलॉजी



का मुख्य उद्येश्य सभी के लिए कल्याण, सभी की खुशी होनी चाहिए। तकनीक इंसानियत की सेवा के लिए होनी चाहिए, न कि इसे बदलने के लिए। उन्होंने कहा कि यह ग्लोबल साउथ में होने वाला पहला एआई समिट है।

### विकसित भारत 2047 में AI अहम

पीएम मोदी ने कहा कि AI, विकसित भारत 2047 की ओर भारत की यात्रा में एक बदलाव लाने वाला मौका है। इसकी मदद से नई इकोनॉमिक ऑपर्चुनिटी, इन्क्लुसिव ग्रोथ के अवसर तलाशे जा सकेंगे। हेल्थकेयर में एआई पहले से ही प्रभाव डाल रहा है। हमने देखा है कि एआई बेस्ड सॉल्यूशन पहले ही T.B, डायबिटीज जैसी बीमारियों को शुरुआती समय में पहचान कर सकते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी एआई पावर्ड पर्सनलाइज्ड लर्निंग प्रोग्राम भारतीय भाषाओं में छात्रों की मदद कर रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में मौजूद सरकारी स्कूलों में एआई की मदद से कस्टमाइज्ड अकेड्मिक सपोर्ट मिल रहा है।

### पब्लिक गुड्स में एआई निभाएगा महत्वपूर्ण रोल

पीएम मोदी ने कहा कि भारत का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर यात्रा ग्लोबल साउथ के लिए महत्वपूर्ण है। इंक्लूसिव डेवलपमेंट के लिए DPI और AI का महत्वपूर्ण रोल रहने वाला है। आधार, UPI और डिजिटल पब्लिक गुड्स में हमारी सफलता कोई एक्सीडेंटल नहीं है। इसके लिए कुछ सिद्धांतों पर काम करना पड़ा है। पहला, हमने डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को लोगों की भलाई के लिए तैयार किया है न कि एक प्रॉपराइटरी प्लेटफॉर्म के लिए इसे तैयार किया गया। इस ओपन और इंटरऑपरेबल आर्किटेक्चर ने एक कॉमन बेस लेयर के ऊपर इनोवेशन को फलने-फूलने दिया।

दूसरा, हमने पहले दिन से ही स्केल और इंक्लूशन फॉर्म में डिजाइन किया है। हमरा सिस्टम 1.4 अरब लोगों के लिए उनके सोसियो-इकोनॉमिक स्टेटस, लिट्रेसी लेवल, क्षेत्र और भाषा में अंतर किए बिना काम करता है। जब एआई को इस सिस्टम में जोड़ा जाएगा तो गवर्नेंस और भी ज्यादा प्रभावी और रिस्पॉन्सिव हो जाएगा।

# कक्षा 7वीं के पाठ्यक्रम में बदलाव, 1 अप्रेल से नया सत्र

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर/बीकानेर।** राजस्थान में आगामी शिक्षण सत्र 2026-27 से कक्षा सातवीं के पाठ्यक्रम में बदलाव किया गया है। नए सत्र की शुरुआत 1 अप्रेल से होगी और इसी तिथि से विद्यार्थियों को संशोधित पाठ्यक्रम के अनुसार पाठ्यपुस्तकें वितरित की जाएंगी। हालांकि, कंप्यूटर और उर्दू विषय की पुस्तकें यथावत रहेंगी, जबकि शेष विषयों के पाठ्यक्रम में संशोधन किया गया है। सातवीं कक्षा के अलावा कुछ अन्य कक्षाओं के पाठ्यक्रम में भी संशोधन किया गया है। कक्षा 4 और 5 में उर्दू विषय की पुस्तकें बदली जाएंगी। कक्षा 6 में भी उर्दू विषय की नई पुस्तक लागू होगी।

HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट

» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.

नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सेन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर

Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur

E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in




संपादक : ज्ञानेन्द्र मिश्रा मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। संपादकीय कार्यालय : 132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039 समाचार संपादक- चेतेन्द्र कुमार मिश्रा

### जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित

# परियोजना कार्यों में तेजी लाने व लंबित कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net




**बालोतरा।** जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में उम्मेदाराम बेनिवाल की उपस्थिति में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा तथा ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए कंटीजेंसी उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिला कलक्टर श्री सुशील कुमार यादव ने नलकूप व हैण्डपम्प निर्माण/कमीशनिंग, मरम्मत, अभावग्रस्त गांव-ढाणियों में पेयजल परिवहन सहित सभी संबंधित कार्य निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वीकृत परियोजनाओं की तकनीकी स्वीकृतियां, निविदाएं और कार्यादेशों की स्थिति की समीक्षा कर अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने और लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा।

नर्मदा नहर आधारित पेयजल योजना की भौतिक व वित्तीय प्रगति की समीक्षा करते हुए भूमि आवंटन और लक्ष्य अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बाड़मेर लिफ्ट परियोजना से बालोतरा के लिए पर्याप्त जलापूर्ति, तथा पोकरण-फलसूण्ड- बालोतरा-सिवाना परियोजना के अंतर्गत बिलिया स्थित आरडब्ल्यूआर को कैनाल क्लोजर से पूर्व पूर्ण क्षमता तक भरने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही बाड़मेर व बालोतरा जिलों के बीच जलापूर्ति का संतुलित वितरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता बाबूलाल मीणा ने बताया कि जिले में जल जीवन मिशन के तहत 5 वृहद एवं 181 लघु योजनाएं संचालित हैं, जिनसे 805 गांवों को लाभ मिलेगा। बैठक में जिला परिषद बाड़मेर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी हीराराम कलबी, अधीक्षण अभियंता बाबूलाल मीणा सहित विभागीय अधिकारी व समिति सदस्य उपस्थित रहे।

# असफलता को आत्मविश्वास से सफलता में बदले-डॉ. सेठिया

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**चितौड़गढ़।** भारत स्काउट गाइड के जिला प्रधान व मोटिवेशनल स्पीकर डा आई एम सेठिया ने कहा की असफलताओं को सफलता में बदलने के लिए दृढ़ निश्चय और आत्मविश्वास जरूरी हे।व्यक्ति को जीवन में कभी निराश नही होकर स्वयं के जीवन को तराश कर अपनी प्रतिभा को निखारना चाहिए। ये विचार उन्होंने राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय चित्तौड़गढ़ के तत्वाधान में बीएसटीसी छात्र अध्यापिका गाइड ग्रुप के सात दिवसीय प्रक्षशिक्षण शिविर में मुख्य उद्बोधन में बोलते हुए व्यक्त की। उन्होंने कहा की प्रतिस्पर्धा के युग में हमे ही संघर्ष कर खुद के व्यक्तित्व का निर्माण करना पड़ेगा और इसके लिए वर्तमान निराशावादी जीवन शैली को सकारात्मक आशावादी जीवन शैली में बदलने की जरूरत है। विद्यार्थी अपने मन की कमजोरी को निकाल को निकाल फेंके की मेरे लिए यश असंभव हे या में नही कर सकती। आज हमे ही यह तय करना होगा की हम भीड़ का हिस्सा बनना चाहते हे या भीड़ का नेतृत्व करना चाहते है। डा सेठिया ने कई महापुरुषों के जीवन की प्रेरणादाई उदाहरण बताते हुए बच्चो को प्रबंधन का भी महत्व बताया। कार्यक्रम सीओ स्काउट चंद्र शेखर श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण दिया।शिविर संचालक चतर सिंह राजपूत नेशिविर दिनचर्या के बारे में बताया। स्काउटर सत्यनारायण सोमानी अखिलेश श्रीवास्तव, कैलाश चंद्र अहीर रोवर पवन माली, नेहा धाकड़ ने अतिथियों का स्वागत किया।

# भेड़ एवं बकरी में 'कृत्रिम गर्भाधान' पर प्रशिक्षण आयोजित

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**टोंक।** भाकृअनुप- केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसन्धान संस्थान अविकानगर में भेड़ एवं बकरी में कृत्रिम गर्भाधान" विषय पर राजस्थान के विभिन्न जिलों के पशु चिकित्सकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। आज प्रथम बैच का उद्घाटन केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकनागर में किया गया। वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान इस कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न चरणों में किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत राजस्थान राज्य के विभिन्न जिलों के पशुपालन विभाग के 700 पशु चिकित्सकों एवं पैरावेटेरिनरी कार्मिकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ रणधीरसिंह भट्ट पशु पोषण विभाग अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि के रूप में अपने उद्घाटन भाषण में राजस्थान में भेड़ एवं बकरियों के आनुवंशिक सुधार को तीव्र गति देने, प्रजनन दक्षता बढ़ाने तथा उत्पादकता में वृद्धि हेतु कृत्रिम गर्भाधान की महत्वपूर्ण उपयोग पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि भेड़-बकरी में एआई तकनीक के प्रभावी क्रियान्वयन एवं व्यापक प्रसार के लिए क्षेत्रीय पशु चिकित्सकों का व्यवस्थित प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. अजीत सिंह महला ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों एवं महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भेड़ एवं बकरी में मद-समकालन, सीमेन प्रोसेसिंग तथा कृत्रिम गर्भाधान तकनीकों में पशु चिकित्सकों की तकनीकी दक्षता को सुदृढ़ करने के लिए तैयार किया गया है, जो राज्य में पशुपालकों की आजीविका सुदृढ़ करने हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉ सिद्धार्थ सारथी मिश्रा एजीबी विभागाध्यक्ष ने प्रजनन तकनीकियों का नस्ल सुधार में महत्व बताते हुए कहा कि फील्ड में काम करने वाले पशुचिकित्सों को नस्ल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए कृत्रिम गर्भाधान जैसी तकनीक का उपयोग करना चाहिए। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पशु शरीर क्रिया एवं जैव रसायन विभाग के डॉ. एस.एस. डांगी, डॉ. मेघा पांडे, डॉ. अजीत सिंह महला एवं डॉ. वी. राल्ते द्वारा निदेशक डॉ. अरुण कुमार तोमर के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है।

इस अवसर पर अनुभाग प्रभारी डॉ अरविंद सोनी भी उपस्थित रहे। इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम विभिन्न बैच मे राजस्थान पशुधन विकास बोर्ड द्वारा केन्द्रीय प्रवर्तित राष्ट्रीय पशुधन मिशन के अंतर्गत प्रायोजित है। इस पहल का उद्देश्य राज्य में भेड़ एवं बकरी में कृत्रिम गर्भाधान के क्षेत्रीय स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन को सुदृढ़ करना है, जिससे भेड़ एवं बकरी क्षेत्र के विकास को बढ़ावा मिले तथा ग्रामीण आय में वृद्धि सुनिश्चित हो सके।

### मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास से विक्रम राठौड़ ने की शिष्टाचार भेंटवार्ता

# सशक्त भारत के निर्माण में जनसेवा हो सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता-श्रीनिवास

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजस्थान के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास से उच्च शिक्षा-जनसंपर्क विशेषज्ञ विक्रम राठौड़ ने शिष्टाचार भेंटवार्ता की एवं मुख्य सचिव नियुक्त होने की शुभकामानाएं प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने वी श्रीनिवास के साथ पाली जिला कलेक्टर के रूप में उनके कार्यकाल के अनुभव भी साझा किए एवं पाली जिले कि सांसस्कृतिक, शैक्षणिक और प्रशासनिक परिदृश्य पर भी चर्चा की। इस अवसर पर राठौड़ ने मुख्य सचिव से जनसंपर्क क्षेत्र के वर्तमान परिदृश्य तथा जनसंपर्क क्षेत्र में नवाचार, प्रशासनिक सुधारों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के विषय पर मुख्य सचिव से विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर राठौड़ ने जनसंपर्क क्षेत्र में नवाचारों को प्रोत्साहित करने और आमजन में समन्वय के माध्यम से प्रशासनिक नीतियों की जानकारी आमजन में प्रभावी ढंग से पहुँचाने पर मुख्य सचिव के साथ विचार-विमर्श भी किया। चर्चा के दौरान विक्रम राठौड़ ने मुख्य सचिव वी श्री निवास की उपलब्धियों पर प्रकाश ड़ालते हुए कहा कि राजस्थान के मुख्य सचिव के रूप में वी श्रीनिवास ने कुशल प्रबंधन के साथ कार्य करते हुए प्रशासनिक दक्षता, पारदर्शिता और जनसेवा को सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की है। बेहतरीन प्रशासनिक समन्वय के साथ मुख्य सचिव के रूप में सुशासन, विकासोन्मुख प्रशासन और जनहित को केंद्र में रखते हुए प्रशासनिक नीतियों एवं जनहित कार्यक्रमों का सफल क्रियान्वयन एवं प्रशासन को जनोन्मुख बनाया है।

इस अवसर पर मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने कहा कि प्रशासन में सुशासन के साथ पारदर्शिता, जवाबदेही एवं त्वरित सेवा वितरण को प्राथमिकता दिया जाना आवश्यक है। समावेशी, आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के निर्माण के लिए नीति-निर्माण में आमजन की जनभागीदारी, तकनीकी नवाचार तथा सतत विकास को विशेष महत्व दिया जाना चाहिए। जनकल्याण की सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा कर हम लोकतंत्र को सुदृढ़ कर सकते है।

उच्च शिक्षा विशेषज्ञ विक्रम राठौड़ ने मुख्य सचिव से चर्चा करते हुए कहा कि आमजन के मध्य प्रभावी संवाद स्थापित करने में जनसंपर्क की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जनसंपर्क न केवल शासन की योजनाओं, नीतियों एवं कार्यक्रमों की जानकारी जनता तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम है, बल्कि यह जनता की अपेक्षाओं, सुझावों और समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह भी करता है।

# आयुषी सावित्री बाई फुले अवार्ड -2026 से सम्मानित

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**नवलगढ़।** संजीवनी संस्था के वार्षिकोत्सव अवसर पर शिक्षाविद रामावतार सबलानिया जी के माता-पिता की पुण्य स्मृति में आयोजित बालिका शिक्षा प्रोत्साहन समारोह में क्षेत्र की प्रतिभाशाली बेटियों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में एस. एन. विद्यालय की गाइडर आयुषी चौहान को वर्ष 2026 के सावित्री बाई फुले अवार्ड से अलंकृत किया गया। उन्हें गाइड गतिविधियों में सरि य योगदान एवं राज्य पुरस्कार में चयन होने पर 1100 रुपये की प्रोत्साहन राशि, प्रशस्ति-पत्र, पौधा एवं मोतियों की माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गाइड कैप्टन सुमन राठौड़ की विशेष प्रशंसा की गई ,कहा कि उनके समर्पित मार्गदर्शन, अनुशासन एवं प्रेरणादायी नेतृत्व के कारण विद्यालय की गाइड्स निरंतर नई व राज्य स्तरीय उपलब्धियाँ अर्जित कर रही हैं। उनके कुशल निर्देशन में छात्राओं में आत्मविश्वास, सेवा भावना एवं नेतृत्व क्षमता का उत्कृष्ट विकास हो रहा है। कार्यक्रम में नवलगढ़ के प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। प्राचार्य रणजीत सिंह शेखावत एवं विद्यालय परिवार ने गाइडर आयुषी चौहान एवं गाइड कैप्टन सुमन राठौड़ को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

### अन्तरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन

# नवगठित महिला कार्यकारिणी से संगठन को मिलेगी मजबूती-मित्तल

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**कोलकाता/जयपुर।** अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष राज कुमार मित्तल ने अपने बधाई संदेश में कहा कि समाज की प्रगति तब ही पूर्ण होती है, जब उसकी नारी शक्ति जागृत, संगठित और सशक्त हो। इसी पावन भावना को साकार करते हुए, अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की महिला इकाई का गठन पावन पर्व महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर किया जाना अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है।

सुशीला फरमानिया राष्ट्रीय अध्यक्ष के सक्षम, संवेदनशील एवं प्रेरणादायी नेतृत्व में यह नवगठित कार्यकारिणी, निश्चित ही समाज सेवा, संस्कार संवर्धन, संगठन सुदृढ़ीकरण एवं महिला सशक्तिकरण के नए आयाम स्थापित करेगी ऐसा मेरा विश्वास है। नारी केवल परिवार की धुरी ही नहीं, अपितु समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। जब नारी शक्ति संगठित होती है, तो सेवा में संवेदना, नेतृत्व में दृढ़ता और कार्य में उत्कृष्टता स्वतः समाहित हो जाती है। हमें पूर्ण विश्वास है, कि यह महिला इकाई त्याग, तप, समर्पण और संगठन की उज्ज्वल परंपरा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएगी। हम अध्यक्ष सुशीला फरमानिया, उपाध्यक्ष वसुंधरा मित्तल जयपुर (राजस्थान), सचिव पूनम गिरीश जयपुरिया यवतमाल (महाराष्ट्र) सचिव मीना वेरलिया खेतराजपुर (ओडिशा) कोषाध्यक्ष मधु अग्रवाल, संबलपुर (उड़ीसा) संरक्षक भावना अग्रवाल दुर्ग (छत्तीसगढ़), संरक्षक गंगा देवी दारुका खेतराजपुर (ओडिशा), संरक्षक अरुणा अग्रवाल विलासपुर (छत्तीसगढ़) एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुषमा बासुदेव अग्रवाल नागपुर (महाराष्ट्र),चंदा देवी संतुका कटक (ओडिशा), मोनिका अग्रवाल कोरबा (छत्तीसगढ़), संतोष अग्रवाल कोलकाता, ऋचा गुप्ता जयपुर (राजस्थान),प्रेमलता गोयल अंबिकापुर (छत्तीसगढ़), स्मिता जालान हावड़ा (कोलकाता), लक्ष्मी सरावगी कोलकाता, ज्योति रामावतार अग्रवाल नागपुर (महाराष्ट्र) कविता अग्रवाल दिल्ली प्रदेश महिला ईकाई अध्यक्ष,भावना विनोद केजरीवाल नागपुर (महाराष्ट्र), ऋचा अग्रवाल इंदौर (मध्यप्रदेश) एवं स्नेहलता अग्रवाल संबलपुर (उड़ीसा) सहित संपूर्ण महिला इकाई को हृदय की गहराइयों से बधाईयाँ एवं अनंत मंगल कामनाएँ प्रेषित करते हैं। ईश्वर से प्रार्थना है, कि आप सभी के प्रयास, समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनें और "एकता, सेवा एवं संस्कार" की भावना को और अधिक सशक्त करें।

# गोमाता को राष्ट्रमाता हिन्दू राष्ट्र सनातन धर्म बोर्ड गठन का सरकार से किया आह्वान

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** गौमाता सेवक समिति परिवार एवं सभी गौसेवकों गौभक्तों एवं सेंकड़ों श्रृद्धालुओं ने फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष भोमवती अमावस्या सुर्य ग्रहण पर 57वां गौसेवा महोत्सव श्री श्याम गौसेवा गौरक्षा दल गौधाम (गौशाला) यंहा दुर्घटनाग्रस्त गौमाताओं का उपचार किया जाता है श्री करणी पथ बैनाड़ रोड़ जयपुर में सेंकड़ों गौभक्तों, वेदलक्षणा गौमाताओं के साथ अपार हर्षोल्लास एवं भाव-विभोर होकर संकीर्तन करते हुए फागोत्सव मनाया गया।

शुरुआत में गोपूत्र ज्योतिर्विद मानस संजय मिश्र ने सूर्य देव की साक्षी में भगवान् श्रीगणेश, श्रीराम दरबार, शिव परिवार, सर्व पितृ तर्पण अर्पण पूजन के साथ ही सर्व लोक कल्याणार्थ सुर्य ग्रहण पर आदित्य कवच अनुष्ठान में आहुतियां देकर गौमाता को राष्ट्रमाता, हिन्दू राष्ट्र, सनातन धर्म बोर्ड घोषित करवाने का अखण्ड संकल्प दिलाकर गोमाता पूजन के साथ सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ एवं दिव्य गौमाता कृपा आरती के बाद श्री श्याम गौसेवा गौरक्षा दल गौधाम के संचालकों गौसेवकों का सम्मान दुपट्टा एवं गौधाम के नियमित गौसेवकों को वस्त्र एवं दक्षिणा प्रदान कर अभिनंदन सम्मान किया गया, इसके बाद में सभी गौसेवकों ने मिलकर गोमाता की पूजा एवं सेवा करके गुड़ केले व हरे चारे का भोग लगाकर गौशाला में वृक्षारोपण, कीड़ीनगरा, पेड़ों पर पंछियों के लिए पानी के परिंडे व दाना पात्र लगायें इस अवसर पर गोपूत्र मानस संजय मिश्र एवं कमल प्रजापत ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी गोसेवकों एवं श्रद्धालुओं को गोमाता को राष्ट्रमाता देश को हिन्दू राष्ट्र एवं सनातन धर्म बोर्ड गठन के लिए संकल्प दिलाकर शासन प्रशासन से गौरक्षा की मांग की। इस अवसर पर गोपुत्र ज्योतिर्विद मानस संजय मिश्र ने उपस्थित सभी गोसेवकों को राष्ट्र रक्षा, गोरक्षा, कन्या शिक्षा रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण प्रदुषण मुक्त जीवन के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का अखण्ड संकल्प दिलाया साथ ही गोचर ओरण भूमि बचाने के लिए सरकार से आव्हान किया एवं गोभक्त जगदीश मोदी ने गोमाता को राज्यमाता घोषित करने की राज्य सरकार से मांग की। गौमाता सेवक समिति परिवार की तरफ से श्री श्याम गौसेवा गौरक्षा दल गौधाम (गौशाला) को 21 मण सुखा चारा, 501 पुली हरा चारा, पौष्टिक आहार, गुड़ के कार्टून, चार तगारी दो फावड़े, 11 पेड़ वृक्षारोपण के लिए, पंछीयो के लिए 11 दाना पात्र एवं परिण्डे, कीड़ी नगरा एवं दुर्घटनाग्रस्त एवं बीमार गौमाताओं के उपचार एवं गौधाम के विकास के लिए 11 हजार रूपए का चैक गौधाम संचालक अभय सिंह डेगाना को प्रदान किया साथ ही समापन पर सामुहिक गुड़ चना केला प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर गोसेवक सतीश शर्मा, कमल, श्याम, विनोद, रामलाल, महेन्द्र, बजरंग, भंवरलाल प्रजापत, अर्जुन सोनी, गोसेविका धापु देवी एवं सुन्दर देवी एवं समस्त करणी पथ खोरा बावड़ी निवासी गणमान्य लोग उपस्थित थे।



### राजस्व प्रकरणों के समयबद्ध एवं विधिसम्मत निस्तारण हेतु एक दिवसीय कार्यशाला

# प्राकृतिक न्याय का सिद्धांत ही है पूर्ण न्याय का आधार-बत्रा

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net




**जयपुर।** राजस्व न्यायालयों में प्रचलित कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाए जाने तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रक्रियात्मक एवं विधिक पक्षों से भली-भांति अवगत कराने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक राजस्व प्रकरण में पारदर्शिता, विधिसम्मत प्रक्रिया एवं प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन का विश्वास राजस्व न्याय प्रणाली में और सुदृढ़ हो। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा की जाए, अनावश्यक स्थगन से बचा जाए तथा वादों का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा में किया जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व न्यायालयों में पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करना सुशासन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यशाला में राजस्थान प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी राधेश्याम बत्रा ने मुख्य वक्ता के रूप में राजस्व अधिकारियों को विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राजस्व न्यायालय आमजन के अधिकारों और भूमि संबंधी विवादों के समाधान का प्रमुख माध्यम हैं। अतः यह आवश्यक है कि प्रत्येक प्रकरण का निस्तारण निष्पक्षता, पारदर्शिता और विधिसम्मत प्रक्रिया के अनुरूप समयबद्ध रूप से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि गुणवत्तापूर्ण आदेश लेखन, सटीक तथ्य विश्लेषण एवं प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन प्रशासन की विश्वसनीयता को सुदृढ़ करता है। उन्होंने राजस्व प्रकरणों के प्रभावी, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए विभिन्न अधिनियमों एवं नियमों की बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से प्रक्रियात्मक त्रुटियों से बचने के उपाय बताए। बत्रा ने प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत–दोनों पक्षों को सुनवाई का समुचित अवसर एवं कोई भी व्यक्ति अपने ही मामले में न्यायाधीश नहीं हो सकता को न्यायिक प्रक्रिया का मूल आधार बताया। उन्होंने वाद निस्तारण की मानक प्रक्रिया, साक्ष्य परीक्षण, आदेश लेखन की संरचना, तर्कसंगत निष्कर्ष एवं अपीलीय स्तर पर आदेश की स्थिरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने राजस्व न्यायालय नियमावली, सिविल प्रक्रिया संहिता के प्रमुख प्रावधानों तथा राजस्थान टीनेन्सी एक्ट एवं राजस्थान भू राजस्व अधिनियम के न्यायिक प्रावधानों का क्रमबद्ध विश्लेषण प्रस्तुत किया। साथ ही यह भी बताया कि आदेश स्पष्ट, कारणयुक्त एवं विधिसम्मत होने चाहिए, जिससे अपील या पुनरीक्षण की स्थिति में न्यायालय के निर्णय की वैधानिक मजबूती बनी रहे।

कार्यशाला के दौरान अभिलेख संधारण, समुचित नोटशीट लेखन, समन एवं नोटिस की विधिवत तामील, प्रकरणों की डिजिटल मॉनिटरिंग तथा लंबित मामलों की प्रभावी समीक्षा जैसे प्रशासनिक पहलुओं पर भी विशेष चर्चा की गई। अधिकारियों द्वारा विभिन्न जिज्ञासाएँ एवं व्यावहारिक समस्याएँ रखी गईं, जिनका समाधान विशेषज्ञ वक्ता द्वारा विस्तार से किया गया। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम राजस्व न्यायालयों की कार्यप्रणाली को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं जनोन्मुख बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यह पहल न केवल लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण में सहायक सिद्ध होगी, बल्कि आमजन के न्याय प्राप्ति के अधिकार को भी सशक्त बनाएगी। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर जयपुर प्रथम विनीता सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय मेघराज मीणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर जयपुर दक्षिण श्री युगांतर शर्मा सहित जिले के समस्त उपखण्ड अधिकारी एवं रीडर उपस्थित रहे।

### प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग का शुभारंभ

# हिन्दुस्तान जिंक की पहल से आस पास के क्षेत्र के युवक युवतियों को मिलेगा सुनहरा अवसर



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**चित्तौडगढ।** हिन्दुस्तान जिंक, वेदांता ग्रुप के तत्वावधान में चित्तौडगढ़ के आसपास ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई है। इसके तहत विभिन्न सरकारी नौकरियों की प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी कराने की योजना का शुभारंभ किया गया। इस योजना को लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में युवाओं ने भागीदारी दिखाई। चित्तौडगढ के आस पास के क्षेत्र के गांव बिलिया, नगरी, अजोलिया का खेड़ा, पुठोली, चैगावाड़ी, सालेरा, भवानीपुरा, रोलाहेडा, गणेशपुरा, काशमोर, धनेत कलां, बोदियाना, सतपुड़ा, कंथारिया एवं अन्य गांवों के छात्र सरकारी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए उत्सुकता से प्रतिभागिता कर रहे है।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथियों चैगावाड़ी प्रशासक बहादुर सिंह राणावत, नगरी प्रशासक देवकिशन रैगर, सतपुड़ा राजेंद्र सिंह, अनुष्का ग्रुप से भूपेश परमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने विद्यार्थियों को बैग एवं मासिक करेंट अफेयर्स पत्रिका अनुष्का टाइम्स वितरित की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को अपनी समाहार शक्ति का सही उपयोग करने की प्रेरणा दी और कहा कि यही सफलता की कुंजी है। वहीं सीएसआर हेड सुंदरराज ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दी तथा इस कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए अनुष्का ग्रुप की सराहना की। सुंदर राज ने अपने संबोधन में विद्यार्थी जीवन में अथक परिश्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने संसाधनहीन बचपन का उदाहरण देते हुए कहा कि निरंतर मेहनत और मजबूत संकल्प से व्यक्ति जीवन में ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है।

कार्यक्रम के दौरान अनुष्का ग्रुप के भूपेश परमार ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि यह 100 दिवसीय योजना चंदेरिया क्षेत्र के युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि अनुष्का ग्रुप पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ विद्यार्थियों को आगामी तीन माह तक गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

इस अवसर पर हिन्दुस्तान जिंक चंदेरिया की सीएसआर टीम के एम गौरी, बुन्तु ओजस्विनी तथा अनुष्का ग्रुप से श्याम सुंदर नारानीवाल, दिलीप जैन, नीरज मौड़, शिव , अरुण माली, कृतिका शर्मा, गिरजा साल्वी, हिम्मत सिंह और गणेश देवासी सहित चंदेरिया परिधि क्षेत्र के 150 से अधिक युवा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

जागरूक जनता jagrukjanta.net फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े | हर खबर से आपको रखें अपडेट | जागरूक जनता | www.facebook.com/jagrukjantanews

# जल्द आएंगी हाउसिंग बोर्ड की नई आवासीय योजनाएं, अपने घर का सपना होगा साकार




जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर, झालावाड़,कोटपूतली और जोधपुर में राजस्थान आवासन मंडल की जल्द नई आवासीय योजनाएं आएंगी। इसको लेकर आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने मंगलवार को मंडल मुख्यालय में प्रस्तावित नवीन आवासीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन शहरों में समाज के विभिन्न आय वर्गों के लिए सुनियोजित, किफायती एवं उच्च गुणवत्तापूर्ण आवासीय योजनाएं अविलंब धरातल पर लाई जाएं। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि मण्डल का उद्देश्य केवल आवास उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि नागरिकों को सुविधायुक्त, सुरक्षित और आधुनिक मानकों पर आधारित समग्र आवासीय वातावरण प्रदान करना है।

#### सेवाएं हों पूरी तरह डिजिटल

बैठक के दौरान आयुक्त ने विभागीय कार्यप्रणाली में आधुनिक तकनीक के समावेश और ऑनलाइन सेवाओं के विस्तार पर विशेष बल देते हुए कहा कि मण्डल की सेवाओं को पूर्णतः डिजिटल बनाए जाने की कार्ययोजना तैयार कर चरणबद्ध रूप से कार्य किया जाए। उन्होंने बताया कि सामुदायिक भवनों की बुकिंग प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन करने की दिशा में तेजी से काम चल रहा है, जिससे आमजन को पारदर्शी और त्वरित सेवाएं मिल सकेंगी।

#### स्वच्छता और समयबद्धता पर जोर

आयुक्त ने कार्यालय परिसरों की स्वच्छता, फाइलों के सुव्यवस्थित संधारण और नागरिक-अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रशासनिक और तकनीकी प्रक्रियाओं को निर्धारित समयसीमा में पूरा किया जाए। बैठक में मण्डल सचिव गोपाल सिंह, उप सचिव डॉ. अशोक कुमार, मुख्य अभियंता टीएस मीणा, प्रतीक श्रीवास्तव, वित्तीय सलाहकार केसी कुमावत सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और अभियंता मौजूद रहे।

### मीडिया से मुखातिब हुए विधायक बालमुकुंदाचार्य

# गौ माता को "राज्य माता" का दर्जा प्रदान करने के संबंध में सरकार विचार कर रही



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र जारी है। मीडिया से मुखातिब होते हुए हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य ने कहा कि गौमाता की रक्षा, संवर्धन एवं सेवा के लिए प्रदेश सरकार पूर्ण प्रतिबद्ध है। तथा इस दिशा में निरंतर ठोस एवं प्रभावी कदम उठा रही है। भारतीय संस्कृति में गौ संरक्षण केवल आस्था का विषय नहीं। बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, कृषि व्यवस्था एवं पर्यावरण संतुलन से भी जुड़ा हुआ है। गौ माता को "राज्य माता" का दर्जा प्रदान करने के संबंध में सरकार सकारात्मक विचार कर रही है। इसके लिए विधिक, प्रशासनिक एवं सामाजिक पहलुओं का परीक्षण किया जा रहा है। ताकि एक सुदृढ़ एवं प्रभावी कानून बनाकर गौ संरक्षण को और अधिक मजबूत किया जा सके। राज्य सरकार द्वारा गौशालाओं को दिए जाने वाले अनुदान में वृद्धि की गई है। तथा नई गौशालाओं की स्थापना को प्रोत्साहित किया जा रहा है। सरकार समाज के सभी वर्गों से अपील करती है कि गौ माता की सेवा एवं संरक्षण में सहभागी बनें। केवल गौशालाओं पर निर्भर रहने के बजाय घर-घर में गौ सेवा की भावना को प्रोत्साहित किया जाए। यह हम सबका सामूहिक दायित्व है कि गौ माता की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करें।

# सीमलवाड़ा में न्यायिक मजिस्ट्रेट के रिक्त पद को भरने का प्रयास करेंगे

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि डूंगरपुर जिले के सीमलवाड़ा में सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट का पद रिक्त होने से लिटिगेंट्स को हो रही असुविधा को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा राजस्थान उच्च न्यायालय से निवेदन कर पद को शीघ्र भरने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में सीमलवाड़ा में न्यायिक मजिस्ट्रेट का पद खाली होने के कारण इसका अतिरिक्त प्रभार वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सांगवाड़ा को दिया गया है। इससे क्षेत्र के लिटिगेंट्स को अधिक दूरी के कारण असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। विधि एवं विधिक कार्य मंत्री प्रश्नकाल के दौरान विधायक अनिल कुमार कटारा द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे।

